रूड़की का प्रथम व एक मात्र हिन्दी दैनिक

# परम नागरिक

यानि केवल पत्रकारिता

Now Visit us:
www.paramnagrik.in

आर.एन.आई. सं. UTTHIN/2011/36627
डाक पंजीयन- जी U/ADO/DDN/03/2024-2026



वर्ष 15 अंक 32 कुल पृष्ठ 8 रुड़की ( हरिद्वार ) शुक्रवार, 28 फरवरी, 2025 मूल्य ₹ 3.00

## गरीबों की जेबें खाली कर रहा विकसित भारत का विचार : खडगे

ईएमएस

**नई दिल्ली।** देश की करीब 100 करोड़ जनता, यानी 90 फीसदी लोग, अपनी मर्जी से खर्च करने की ताकत नहीं रखते। ब्लूम वेंचर्स की स्टडी में दावा किया गया है कि ये लोग जरूरत के अलावा सामान या सुविधाएं नहीं खरीद सकते। वहीं, देश के केवल 10 फीसदी लोग, यानी 13-14 करोड़ लोग, जो मेक्सिको की पूरी आबादी के बराबर हैं, वो अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं, क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली एनुअल रिपोर्ट 2025 में ये बात सामने आई है। इसमें कहा गया है कि टॉप 10 प्रतिशत लोग देश की 57.7 प्रतिशत कमाई कंट्रोल करते हैं जबकि बॉटम 50 प्रतिशत की कमाई का हिस्सा 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत हो गया है। रिपोर्ट कहती है कि अमीर लोग और अमीर हो रहे हैं, लेकिन उनकी तादाद नहीं बढ़ रही। यानी जो पहले से पैसे वाले हैं, वो ज्यादा कमाई कर रहे हैं, लेकिन नए लोग इस ग्रुप में शामिल नहीं हो रहे हैं। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। इन्हें उभरते हुए या इच्छुक ग्राहक कहा जा रहा है लेकिन ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं।



कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खडगे ने गुरुवार को दावा किया कि सौ करोड़ भारतीयों के पास कोई अतिरिक्त आय नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत दृष्टिकोण आम लोगों की जेबें खाली कर रहा है और चुनिंदा अरबपतियों का खजाना भर रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट का रोक से इनकार

## पीथमपुर में ही जलेगा जहरीला कचरा

ईएमएस

**नई दिल्ली/इंदौर।** भोपाल यूनियन कार्बाइड कारखाने के जहरीले रासायनिक कचरे को पीथमपुर में जलाने से रोकने के लिए लगाई गई याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। इस मामले की सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार 27 फरवरी को सुनवाई की गई, जिसमें कोर्ट ने कहा की याचिकाकर्ताओं के सभी पक्षों को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने सुना है। ऐसे में फिलहाल सुप्रीम कोर्ट इस मामले को लेकर किसी तरह की और सुनवाई नहीं करेगा।



सुप्रीम कोर्ट के द्वारा याचिकाओं पर हस्तक्षेप नहीं करने के बाद पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड से निकाले गए जहरीले रासायनिक कचरे के निष्पादन का ट्रायल आज गुरुवार से शुरू होना है। इसके लिए सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम रामकी एनवायरो कंपनी में पहुंच चुकी है। यहां बताते चलें कि गुरुवार को पहले ट्रायल के बाद फैक्ट्री में कचरा जलाने का दूसरा ट्रायल 4 मार्च को और तीसरा ट्रायल 12 मार्च को होना है।

प्रशासन ने विरोध को देखते हुए कचरा जलाने के पहले ट्रायल के दौरान खास सतर्कता बरत रखी है। इंदौर देहात और धार जिले के 24 थानों से करीब 500 से अधिक पुलिसकर्मियों को पीथमपुर स्थित रामकी एनवायरो फैक्ट्री के आस-पास तैनात किया गया है। इस ट्रायल रन को लेकर जस्टिस गवई और जस्टिस मसीह की सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने कहा है कि जैसा मध्यप्रदेश उच्चन्यायालय का आदेश है उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाए।

# सभी ने पूरी श्रद्धा और सेवा भाव से निरंतर काम कर महाकुंभ को बनाया सफल : मोदी

आरएनएस



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के समापन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लेख लिखकर इसे देश की एकता का महाकुंभ बताया। इसके बाद सीएम योगी ने पीएम का आभार जताया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में सीएम योगी ने कहा, आदरणीय प्रधानमंत्री जी, यह आपके यशस्वी मार्गदर्शन का ही सुफल है कि एकता, समता, समरसता का महायज्ञ महाकुंभ-2025, प्रयागराज भव्यता-दिव्यता के साथ सुरक्षा-स्वच्छता-सुव्यवस्था के नवीन मानक गढकर आज संपन्न हो गया है। विगत 45 पुण्य दिवसों में पूज्य साधु-संतों समेत 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाकर कृतार्थ हुए हैं। सकल विश्व को सभी जन एक हैं का अमृत संदेश देने वाला यह मानवता का महोत्सव वसुधैव कुटुंबकम के पुण्य भाव के साथ संपूर्ण विश्व को एकता के सूत्र में पिरो रहा है। आपका मार्गदर्शन एवं शुभेच्छाएं हम सभी को सदैव नई ऊर्जा प्रदान करती हैं, हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी! हर हर-गंगे, भगवान बेनी माधव की जय!

पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा , महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में पूरे 45 दिनों तक जिस प्रकार 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ, एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ी, वो अभिभूत करता है! महाकुंभ के पूर्ण होने पर जो विचार मन में आए, उन्हें मैंने कलमबद्ध करने का प्रयास किया है।

पीएम मोदी ने लिखा, श्रद्धा से भरे जो करोड़ों लोग प्रयाग पहुंचकर इस एकता के महाकुंभ का हिस्सा बने, उनकी सेवा का दायित्व भी श्रद्धा के सामर्थ्य से ही पूरा हुआ है। यूपी का सांसद होने के नाते मैं गर्व से कह सकता हूं कि योगी जी के नेतृत्व में शासन, प्रशासन और जनता ने मिलकर, इस एकता के महाकुंभ को सफल बनाया। केंद्र हो या राज्य हो, यहां ना कोई शासक था, ना कोई प्रशासक था, हर कोई श्रद्धा भाव से भरा सेवक था। हमारे सफाई कर्मी, हमारे पुलिसकर्मी, नाविक साथी, वाहन चालक, भोजन बनाने वाले, सभी ने पूरी श्रद्धा और सेवा भाव से निरंतर काम करके इस महाकुंभ को सफल बनाया। विशेषकर, प्रयागराज के निवासियों ने इन 45 दिनों में तमाम परेशानियों को उठाकर भी जिस तरह श्रद्धालुओं की सेवा की है, वह अतुलनीय है। मैं प्रयागराज के सभी निवासियों का, यूपी की जनता का आभार व्यक्त करता हूं, अभिनंदन करता हूं।

### पीएम ने जनता से मांगी माफी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ 2025 का महाशिवरात्रि पर अंतिम स्नान के साथ समापन हो गया। इस मौके पर करोड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। महाकुंभ के समापन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ब्लॉग लिखकर अपने विचारों को साझा किया और किसी असुविधा के लिए माफी मांगी है। उन्होंने ब्लॉग के कुछ अंश एक्स पर भी साझा किए हैं, जिसमें उन्होंने लिखा, महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। उन्होंने लिखा कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं की उपस्थिति केवल रिकॉर्ड नहीं बल्कि संस्कृति-विरासत की सशक्त नींव है। उन्होंने ब्लॉग में लिखा, मैं जानता हूं, इतना विशाल आयोजन आसान नहीं था। मैं प्रार्थना करता हूं मां गंगा से...मां यमुना से...मां सरस्वती से...हे मां हमारी आराधना में कुछ कमी रह गई हो तो क्षमा करिएगा...। जनता जनार्दन, जो मेरे लिए ईश्वर का स्वरूप है, श्रद्धालुओं की सेवा में भी अगर हमसे कुछ कमी रह गई हो, तो मैं जनता जनार्दन का भी क्षमाप्रार्थी हूं।

### अब सफाई अभियान में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के समापन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने मंत्रियों के साथ सफाई अभियान में जुट गए हैं।

गुरुवार को महाकुंभ समापन समारोह में पहुंचे योगी ने सबसे पहले मेला क्षेत्र में झाड़ू लगाकर सफाई की और कूड़े को हटाया। इसके बाद उन्होंने अरैल घाट पर पहुंचकर गंदगी को हटाया।

इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक भी मौजूद थे। उन्होंने सभी के साथ अरैल घाट पर पूजा-अर्चना भी की।

मुख्यमंत्री योगी गोरखपुर से प्रयागराज हेलीकॉप्टर से पहुंचे थे। उनका हेलीकॉप्टर दिल्ली पब्लिक स्कूल के ग्राउंड में उतरा था। यहां उनके स्वागत के लिए उपमुख्यमंत्री मौजूद थे।

## वक्फ विधेयक के 14 बदलावों को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

### आगामी संसद सत्र में किया जाएगा पेश

आरएनएस

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में वक्फ संशोधन विधेयक के 14 बदलावों को मंजूरी दे दी गई है। अब इसे आगामी संसद सत्र में पेश किया जाएगा।

मंत्रिमंडल ने पिछले सप्ताह हुई बैठक में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट के आधार पर प्रस्तावित 23 में से 14 बदलावों को स्वीकार किया है।

विधेयक को 10 मार्च से शुरू होने वाली संसद सत्र में दोबारा से पेश किया जाएगा।

जेपीसी ने 13 फरवरी को बजट सत्र के दौरान संसद में वक्फ विधेयक को लेकर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिस पर विपक्षी सांसदों ने काफी हंगामा किया था।

विपक्षी सांसदों का कहना था कि उन्होंने विधेयक में 44 संशोधन प्रस्तावित किए थे, जिनमें से सभी को खारिज कर दिया गया, जबकि भाजपा और उनके सहयोगी दलों के प्रस्तावित 23 संशोधनों को मंजूरी दे दी गई।

संसद में मतदान के बाद 23 में 14 बदलावों को मंजूरी मिल गई।

भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अगुवाई वाली छ्वक्क्ष्ट के समक्ष कुल 66 बदलावों प्रस्तावित थे, जिनमें 23 सत्तारूढ़ भाजपा और 44 विपक्षी सांसदों के थे।

जेपीसी में एनडीए के कुल 16 सांसद हैं, जबकि विपक्ष के 10 हैं। इनके बीच बदलावों के मतदान में एनडीए के 16 सांसदों ने 23 बदलावों के पक्ष में मतदान किया, जबकि विपक्ष के 44 संशोधन पर बहुमत नहीं मिला।

एनडीए के 23 बदलावों को संसद में पेश किया गया, जिसमें 14 को मंजूरी मिली।

विधेयक में वक्फ बोर्डों के प्रशासन के तरीके में कई बदलाव का प्रस्ताव है, जिसमें गैर-मुस्लिम और कम से कम 2 महिलाओं को शामिल करने की बात है।

केंद्रीय वक्फ परिषद में (संशोधन पारित हुए तो) एक केंद्रीय मंत्री, 3 सांसद, 2 पूर्व न्यायाधीश, 4 मशहूर लोग, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल होंगे, जिनमें किसी का इस्लामी धर्म से होना आवश्यक नहीं।

नए मियम में वक्फ काउंसिल भूमि पर दावा नहीं कर सकती और दान की सीमा तय की गई है।

### शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने की एससीईआरटी मुख्यालय में ड्राफ्ट की समीक्षा

## जल्द जारी होगा राष्ट्रीय शिक्षा नीति अन्तर्गत पाठ्यक्रम के स्वरूप का ड्राफ्ट

आरएनएस



**देहरादून।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कक्षा तीन से 12 वीं तक के लिए तय किए जा रहे पाठ्यक्रम के स्वरूप का ड्राफ्ट जल्द जारी किया जाएगा। गुरुवार को शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने ननूरखेड़ा स्थिति एससीईआरटी मुख्यालय में ड्राफ्ट की समीक्षा की। उन्होंने इसे अंतिम रूप से जारी करने से पहले राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्यसचिव, शिक्षा विभाग के वर्तमान और पूर्व निदेशकों के सुझाव लेने के निर्देश दिए। मालूम हो कि विभागीय स्टीयरिंग कमेटी ड्राफ्ट को मंजूरी दे चुकी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि जो जो नए सुझाव प्राप्त हों, उन्हें भी ड्राफ्ट में शामिल किया जाए। इसे व्यापक रूप में देखते हुए इसमें शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा, नैतिक शिक्षा, खेल और व्यावसायिक शिक्षा को मुख्य रूप से शामिल किया जाए। साथ ही पूरे पाठयक्रम के केंद्र में बच्चों को रखा जाए। महानिदेशक-शिक्षा बंशीधर तिवारी ने कहा कि पाठ्यचर्या में महान विभूतियों से सम्बंधित जीवनी, कहानी, नाटक आदि को शामिल करते हुए हमारे पूर्वजों के गौरवशाली इतिहास को भी सम्मिलित किया जाए। अपर निदेशक-एससीईआरटी प्रदीप कुमार रावत ने पाठ्यचर्चा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उसकी चुनौतियों को भी रखा।

बैठक में निदेशक- अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण बंदना गर्ब्याल, निदेशक-बेसिक शिक्षा अजय कुमार नौडियाल, निदेशक-माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल कुमार सती, संयुक्त निदेशक-महानिदेशालय पद्मेंद्र कुमार सकलानी, निदेशक- संस्कृत शिक्षा डॉ०आनंद भारद्वाज, उपनिदेशक शैलेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक निदेशक डॉ. कृष्णानंद बिजलवाण, डॉ. कामाक्षा मिश्रा सहित समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### यूएन में भारत ने लगाई पाकिस्तान को कड़ी फटकार

**जिनेवा।** पाकिस्तान ने भारत पर जम्मू और कश्मीर में लोकतंत्र को दबाने और मानवाधिकारों का उल्लंघन करने के आरोप लगाए थे। भारत ने कहा कि यह बिना आधार के दुर्भावनापूर्ण आरोप हैं। भारतीय राजदूत ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि पाकिस्तान खुद मानवाधिकारों के उल्लंघन से ग्रस्त है और दूसरों को उपदेश देने के लायक नहीं है। उसका भाषण पाखंड से भरा हुआ है। भारत ने बुधवार को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की बैठक में पाकिस्तान पर जमकर पलटवार किया। भारतीय राजनयिक कृतिज त्यागी ने कहा कि भारत पाकिस्तान द्वारा किए गए बिना आधार और दुर्भावनापूर्ण आरोपों का जवाब दे रहा है। यह अफसोसजनक है कि पाकिस्तान के तथाकथित नेता और प्रतिनिधि अपने सैन्य आतंकवादी तंत्र द्वारा दिए गए झूठ को फैलाने में लगे हुए हैं।

## उत्तराखंड की एकता के साथ खिलवाड़ करने वालों को नहीं करेंगे माफ : धामी

संवाद सहयोगी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने क्षेत्रवाद को लेकर चल रहे विवाद के बीच सख्त लहजे में कहा कि उत्तराखंड की एकता के साथ खिलवाड़ करने वालों को बिल्कुल माफ नहीं करेंगे। कहा कि आज के बाद ऐसे बयानों को गंभीरता से लेकर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में पंचायतीराज विभाग के अंतर्गत नवनियुक्त ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मैं अपने हृदय की बात सभी उत्तराखंडी भाई-बहनों से भी कहना चाहता हूं कि उत्तराखंड निर्माण का सपना हमारे आंदोलनकारियों ने इसलिए देखा था कि उत्तराखंड के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति और लोगों तक विकास की धारा पहुंचे।

उन्होंने कहा कि सभी उत्तराखंडवासी मिल जुल कर काम करें और उत्तराखंड को आगे बढ़ाएं। इसलिए ,मेरा सभी उत्तराखंडवासियों से आग्रह है कि वे किसी भी प्रकार के बहकावे में न आकार एक उत्तराखंड की भावना से मिलकर काम करें।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मैं फिर से सख्त लहजे में उन सभी लोगों को चाहे वे कोई भी हो, मंत्री हो, विधायक हो, सांसद हो, जनप्रतिनिधि हो या आम उत्तराखंडी क्यों न हो? सभी से कहना चाहूंगा हूं कि उत्तराखंड की एकता के साथ खिलवाड़ करने वालों को सरकार बिल्कुल भी माफ नहीं करेगी। आज के बाद इस प्रकार के भड़काऊ बयानों को गंभीरता से लिया जाएगा। कहा कि उत्तराखंड की अस्मिता से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, जो भी हमारी एकता को नुकसान पहुंचाने का काम करेगा।

### पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच बोली सीएम ममता बनर्जी

## भाजपा फर्जी वोटरों की मदद से दिल्ली जीती

ईएमएस



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कोलकाता में कहा कि भाजपा ने दिल्ली और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव फर्जी वोटों के जरिए जीता। इसमें चुनाव आयोग ने मदद की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव आयोग की मदद से फर्जी वोटरों को वोटर लिस्ट में शामिल किया। ममता ने कहा कि भाजपा नेताओं ने चुनाव आयोग के ऑफिस में बैठकर ऑनलाइन फर्जी मतदाता सूची बनाई है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के हर जिले में फर्जी मतदाताओं को जोड़ा है। ज्यादातर वोटर गुजरात और हरियाणा से हैं। महाराष्ट्र और दिल्ली में विपक्ष इन तथ्यों का पता नहीं लगा पाया।

उन्होंने कहा कि मैं बंगाल के लोगों से अपील करती हूं कि वे वोटर लिस्ट की जांच करें। किसी भी दिन एनआरसी और सीएए के नाम पर सही वोटर्स के नाम हटाए जा सकते हैं। भाजपा के लोग ऐसा करके किसी तरह टीएमसी को हराना चाहते हैं। ममता ने कहा कि वोटर लिस्ट की जांच के लिए उन्होंने पार्टी स्तर पर एक कमेटी बनाई है। ममता ने यह बात पार्टी कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग में कही।

## सदन से बाहर रोके गए निलंबित आप विधायक

### दिल्ली विधानसभा सत्र : कैग रिपोर्ट पर होगी चर्चा

आरएनएस

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के सत्र का आज तीसरा दिन है। इस दौरान आम आदमी पार्टी (आप) विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि उन्हें सदन में घुसने से रोक दिया गया। आप विधायकों ने आरोप लगाया कि उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी। हंगामे के बीच आतिशी की पुलिसकर्मियों से बहस भी हुई।

बता दें कि आप के 21 विधायकों को 3 दिन के लिए विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था।

हंगामे पर आप ने कहा, दिल्ली में चल रही तानाशाही! दिल्ली पुलिस के अधिकारी आम आदमी पार्टी के विधायकों और नेता प्रतिपक्ष आतिशी जी को विधानसभा परिसर के अंदर नहीं जाने दे रहे हैं। अधिकारी बता रहे हैं कि ऐसा वह विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के आदेश पर कर रहे हैं। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि जब चुने हुए विधायकों को विधानसभा में ही नहीं जाने दिया जा रहा है।

सत्र के दूसरे दिन यानी 25 जनवरी को विधानसभा में शराब नीति पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट पेश की गई थी। आज इस रिपोर्ट पर सदन में चर्चा होगी। इस दौरान खूब हंगामे के आसार हैं।

आज सदन की कार्यवाही शुरू होती है पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर 2 मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद भाजपा विधायकों ने आप को निशाने पर लिया।

कैग रिपोर्ट में कहा गया कि शराब नीति में बदलाव के कारण दिल्ली सरकार को 2002 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। यह नुकसान लाइसेंस जारी करने, दोबारा टेंडर जारी करने और सिक्योरिटी डिपॉजिट सही से वसूल नहीं करने जैसी वजहों से हुआ है।

### भाजपा ने की तानाशाही की हदें पार : आतिशी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की विधायक आतिशी ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि पार्टी ने सत्ता में आने के बाद तानाशाही की सारी हदें पार कर दी हैं। आतिशी ने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने जय भीम के नारे लगाने के कारण तीन दिन के लिए आम आदमी पार्टी के विधायकों को दिल्ली विधानसभा से निलंबित कर दिया। आतिशी ने आगे कहा, आज भी भाजपा ने लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए विधायकों को विधानसभा परिसर में प्रवेश तक नहीं करने दिया। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि चुने हुए प्रतिनिधियों को विधानसभा परिसर में घुसने से रोका गया हो। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा की तानाशाही न केवल विधानसभा की कार्यवाही को प्रभावित कर रही है, बल्कि यह लोकतंत्र के बुनियादी मूल्यों का भी उल्लंघन कर रही है।

### पीएफ ब्याज दर को लेकर फैसला आज

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की बैठक शुक्रवार को होने वाली है, जिसमें प्रॉविडेंड फंड के ब्याज दर को लेकर फैसला लिया जा सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि अगर शुक्रवार को न्यासी बोर्ड ब्याज को लेकर फैसला लेता है तो ईपीएफओके करोड़ों मेंबर्स को बड़ा झटका लग सकता है। ईपीएफओका सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी पीएफ में जमा पैसे पर मिलने वाले सालाना ब्याज में कटौती कर सकती है।

भविष्य निधि पर रिटर्न पिछले वित्त वर्ष के लिए घोषित 8.25 प्रतिशत ब्याज दर से कम रहने की संभावना है। गौरतलब है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के ईपीएफओका सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी की 2024-25 के लिए पीएफ कंट्रीब्यूशन पर ब्याज दर पर चर्चा करने के लिए 28 फरवरी को बैठक होने वाली है।

## जीवन का असली सार है शिव आराधना

**हरिद्वार।** महानगर व्यापार मंडल की ओर से खड़खड़ेश्वर महादेव मंदिर में चार पहर की पूजा के बाद प्रसाद भंडारा लगाया गया। इसमें विधायक मदन कौशिक और मेयर किरण जैसल ने कहा कि शिव की पूजा से सभी का कल्याण होता है। विश्व में शिव महिमा गुणगान से खुशहाली आती है।

जानकारी के अनुसार महानगर व्यापार मंडल की ओर से खड़खड़ेश्वर महादेव मंदिर में चार पहर की पूजा के बाद प्रसाद भंडारा लगाया गया। महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने बताया कि खड़खड़ेश्वर महादेव मंदिर में हर साल इस तरह का आयोजन किया जाता है। इस दौरान विश्वास पुरी महाराज, महानगर संरक्षक डॉ. श्याम पुरी, संजय पालीवाल, ओम प्रकाश जमदग्नि, आकाश पुरी, शहर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव पाराशर, शिव कुमार कश्यप, विशाल, तेज प्रकाश साहू, संजय त्रिवाल, पार्षद हिमांशु गुप्ता, अंकेश भाटी, महावीर वशिष्ठ, अनिल वशिष्ठ, कन्हैया खेवड़िया, विदित शर्मा, विपिन शर्मा, भूदेव शर्मा, सुनील मनोचा, पंकज माटा, ललित पूरी, डॉ. प्रेम सतलेवाल, मनोज कुमार उपस्थित रहे।

पहली बार इतनी भीड़ दिखी-पिछले दस सालों में अंतिम दिन में पहली बार इतनी भीड़ दिखाई दी। इससे पहले ऐसा नजारा नहीं दिखाया गया था कि आने वाले वाहनों के कारण हरिद्वार में जाम लगा रहा। जबकि वापसी को लेकर हल्का ट्रैफिक रहता था, लेकिन इस बार आने वाले वाहनों का जाम था। इन वाहनों ने देर शाम को हरिद्वार से वापसी की।

**पुलिस ने किया मेडिकल स्टोर की आड़ में चलाए जा रहे नशीली दवाओं के कारोबार का भंडाफोड़**

# नशीलों दवाओं व इंजेक्शन के साथ मेडिकल स्टोर स्वामी गिरफ्तार

**संवाद सहयोगी**

**हरिद्वार।** एएनटीएफ एवं ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने मेडिकल स्टोर की आड़ में चलाए जा रहे नशीली दवाओं के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए मौके से भारी मात्रा में नशीली दवाएं और 1 लाख 70 हजार रूपए की नकदी बरामद की हैं। मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई के दौरान ड्रग्स इंस्पेक्टर अनीता भारती भी मौजूद रही। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज कर मेडिकल स्टोर स्वामी को गिरफ्तार कर लिया है। मेडिकल स्टोर पर नशीले दवाईयां, इंजेक्शन और कैप्सूल बेच जाने की सूचना पर एएनटीएफ और ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने ड्रग्स इंस्पेक्टर अनीता भारती की मौजूदगी में सीतापुर अंडरपास के पास इंद्र मेडिकल स्टोर पर छापा मारा।



मेडिकल स्टोर की तलाशी लेने पर अवैध नशीले इंजेक्शन, दवाईयां, जिसमें 2063 टेबलेट, 2400 कैप्सूल, 15 इंजेक्शन, 112 बोतल सिरप आदि बरामद हुए। मौके से 170000 रुपए नगद बरामद हुए। पुलिस ने मेडिकल स्टोर स्वामी अवनेंद्र कुमार सिंह पुत्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम कांगड़ी थाना श्यामपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में रेल चौकी प्रभारी एसआई नवीन नेगी, बाजार चौकी प्रभारी एसआई देवेंद्र तोमर, एएनटीएफ एसआई रणजीत सिंह तोमर, हेडकांस्टेबल राजवध न, सुनील, कांस्टेबल रोहित व मनोज डोभाल शामिल रहे।

वहीं परिवार सहित गंगा स्नान करने हरिद्वार आए ओएनजीसी से सेवानिवृत बुजुर्ग का बैग स्नान करते समय गुम हो गया। बैग में कीमती मोबाइल फोन व आवश्यक दस्तावेज आदि थे। काफी तलाश करने के बाद बैग नहीं मिलने पर बुजुर्ग ने साइबर क्राइम सैल पहुंचकर समस्या से अवगत कराया।

# हमलावर युवकों ने दूधिये के साथ मारपीट कर घायल किया

**संवाद सहयोगी**

**हरिद्वार।** पदार्था में एक फैक्ट्री के नजदीक कुछ युवकों ने एक दूधिये को सरेराह रोककर उस पर हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठी डंडों और धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। गश्त पर निकली पुलिस ने युवक को बचाकर एक हमलावर को पकड़ लिया, जबकि अन्य हमलावर मौके से भाग निकले। पीड़ित युवक के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस के अनुसार सुल्तानपुर पुलिस चौकी के जसोद्दरपुर गांव निवासी एक युवक दूध बेचने का कार्य करता है। हररोज की तरह वह गुरुवार सुबह लगभग छह बजे घर से दूध बेचने के लिए हरिद्वार को निकला था। लक्सर निवासी कुछ लोग उसके पिछले लग गए और पदार्था के नजदीक एक फैक्ट्री के पास युवक को रोक लिया और उसे लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया।

वहीं दूसरी ओर पथरी क्षेत्र के कई गांवों में पुलिस ने अभियान चलाकर धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर हटवा दिए। बताया जा रहा है कि कोर्ट के आदेश पर बोर्ड परीक्षा को देखते हुए पुलिस ने यह कार्रवाई की। एसओ रविन्द्र कुमार ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर ध्वनि प्रदूषण के नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा और आगे से मानकों का उल्लंघन होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से कहा कि धार्मिक आयोजनों में ध्वनि का स्तर तय मानकों के अनुरूप ही होना चाहिए।

# महाकुंभ मेले की सफलता के लिए सीएम योगी व उनकी पूरी टीम बधाई की पात्र

**संवाद सहयोगी**

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने प्रयागराज महाकुंभ मेला सकुशल संपन्न होने पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी है। कहा कि इससे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशासनिक क्षमताओं का पता चलता है।

श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संपन्न हुए प्रयागराज महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु सम्मिलित हुए और संगम में स्नान अमृत स्नान किया। दिव्य और भव्य प्रयागराज महाकुंभ से सनातन धर्म की जो छवि विश्व पटल पर अंकित हुई है। उसे सदियों तक याद रखा जाएगा। संगम तट पर जुटे करोड़ों श्रद्धालुओं ने भारत और सनातन की ताकत का अहसास भी पूरे विश्व को कराया है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि देश विदेश से आए सभी तेरह अखाड़ों के संतों और श्रद्धालुओं के लिए आवागमन, सुरक्षा, आवास, सफाई आदि सुविधाएं उपलब्ध कराना किसी चुनौती से कम नहीं था। लेकिन यूपी सरकार द्वारा महाकुंभ मेले में जिस प्रकार उत्तम व्यवस्थाएं और सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी। उससे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशासनिक क्षमताओं का पता चलता है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ मेले की सफलता के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उनकी पूरी टीम, महाकुंभ मेले से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।

# भाजपा जिलाध्यक्ष चुनाव के लिए पर्यवेक्षकों ने ली पदाधिकारियों की राय

**संवाद सहयोगी**

**हरिद्वार।** हरिद्वार भाजपा जिलाध्यक्ष के चुनाव के लिएजगजीतपुर स्थित भाजपा जिला का कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश संगठन से आए पर्यवेक्षकों ने जिला अध्यक्ष चुनाव के लिए पदाधिकारीयो से राय ली। प्रदेश पर्यवेक्षक कैलाश पंत ने बताया कि जिला अध्यक्ष चयन के लिए न्यूनतम 6 वर्ष से पार्टी का प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्य होने के साथ पार्टी का कोई ना कोई दायित्व हो अर्थात वह पार्टी के न्यूनतम जिला स्तर का पदाधिकारी हो। जिला अध्यक्ष वैचारिक पृष्ठभूमि एवं संगठन के कार्यों की समझ रखने वाला हो अनुशासनहीनता, वित्तीय अनियमिताओं के आरोप एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों में सम्मिलित होने का कोई आरोप न हो। जिला चुनाव अधि




कारी एवं राज्यसभा सांसद डा. कल्पना सैनी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी अपनी पंच निष्ठाओ के आधार पर ही आज विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ता आधारित पार्टी बनी है। जिसमें से एक निष्ठा लोकतांत्रिक व्यवस्था से पार्टी को चलाने की भी है। उसी के अंतर्गत आज बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव संपन्न हो रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी एक लोकतांत्रिक दल है और यहां परिवारवाद से हटकर सक्रिय कार्यकर्ताओं को ही दायित्व दिए जाते हैं। इस अवसर पर रविंद्र कटारिया, अभिमन्यु कुमार, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, सुरेश राठौड़, मेयर किरण जैसल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष अमित चौहान, जिला महामंत्री आशुतोष शर्मा, आशु चौधरी, जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी, जितेंद्र चौधरी, लव शर्मा, रश्मि चौहान, योगेश चौहान, ऋषिपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख आशा नेगी, अनु कक्कड़, रीता चमोली, महेंद्र धीमान, दीपिका राठौड़, दीपांशु विद्यार्थी, तरुण चौहान, जगपाल सैनी, ओमप्रकाश जमदग्नि, संजीव कुमार, सुशील चौहान, राकेश राजपूत, कामिनी सड़ाना, विक्रम भुल्लर, रंजना चतुर्वेदी, देवेंद्र प्रधान, मनीष कुमार, डा.प्रदीप कुमार, एजाज हसन, नकली राम सैनी, सचिन शर्मा, मोहित वर्मा आदि प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# साईन बोर्ड लगाने व स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग

**संवाद सहयोगी**

**हरिद्वार।** वार्ड 3 के पार्षद सूर्यकांत शर्मा ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर क्षेत्र में सड़कों के किनारे साईन बोर्ड एवं सड़कों पर स्पीड ब्रेकर लगाने, दुर्गा नगर से कैलाश गली तक हिलबाईपास के समीप सड़क बनाने, मोतीचूर हिल बाई पास पर प्रकाश व्यवस्था को ठीक करने की मांग की है। पार्षद सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि सूखी नदी से दूधाधारी चौक तक घनी आबादी, स्कूल, धर्मशालाएं एवं होटल हैं। जिस कारण सड़कों पर काफी भीड़ रहती है। वाहनों के तेज गति से चलने के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसलिए पूरे क्षेत्र में सड़कों के किनारे साईन बोर्ड लगाने के साथ सड़कों पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं। बाहर से आने वाले यात्रीयों, श्रद्धालुओं को स्थान ढूंढने में कोई दिक्कत ना हो,



इसके लिए साईन बोर्ड पर क्षेत्रों के नाम भी अंकित कराए जाएं। इसके अलावा हिलबाई पास से दुर्गानगर और कैलाश गली तक जाने वाला रास्ता खराब होने के कारण लोग चोटिल हो रहे हैं। इसलिए रास्ते पर सड़क का निर्माण कराया जाए। उन्होंने मोतीचूर हिल बाईपास पर प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग करते हुए कहा कि मोतीचूर हिल बाई पास विस्तार पर वाहनो की आवाजाही दिन रात रहती है। रास्ता वन क्षेत्र से जुड़ा होने के कारण वन्य जीव अक्सर रास्ते पर आ जाते है। पिछले काफी समय से यहां की समस्त लाईटे बंद हैं। जिससे किसी भी दिन कोई दुर्घटना हो सकती है। इसलिए प्रकाश व्यवस्था को तत्काल ठीक कराया जाए।

**पाकिस्तान से आए 400 अस्थि कलशों के गंगा में विसर्जन के बाद**

# हरकी पैड़ी पर किया सामूहिक पिंडदान

**संवाद सहयोगी**

**हरिद्वार।** पाकिस्तान के कराची शहर से आए 400 हिन्दू सिख भाई-बहनों के अस्थि कलशों का बीते दिनों श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, सोल्जर बाजार, कराची, पाकिस्तान के महंत रामनाथ मिश्रा महाराज के सानिध्य में कनखल के सतीघाट पर वैदिक रीति से विसर्जन के बाद श्री देवोत्थान सेवा समिति व पुण्यदाई सेवा समिति न्यास के संयुक्त तत्वावधान में हरकी पैड़ी पर अमावस्या के दिन सभी हुतात्माओ के निमित्त श्राद्ध तर्पण, हवन यज्ञ, नारायणबलि, पांचों वस्त्र पितृदेवो के नाम के साथ सामूहिक पिंडदान किया गया। गद्दी नंबर 10 के पुरोहित पंडित हिमांशु शर्मा ने विधि विधान से इस कार्य को संपन्न कराया। कार्यक्रम में इस पूरे कार्य को



संचालित कर रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल नरेन्द्र, राष्ट्रीय महामंत्री एवं यात्रा संयोजक विजय शर्मा, संगठन मंत्री दीपक गुप्ता, योगेन्द्र सिंह मान, नितिन शर्मा, आशीष कश्यप, नमन शर्मा, सुनयना सिंह, रवीन्द्र गोयल, बी.के.मेहता, अवनीश गोयल, आनंद प्रकाश टुटेजा आदि ने योगदान दिया।

# सरस कवि गोष्ठी में हुई अध्यात्म, फागुन और श्रृंगार की रस वर्षा

**संवाद सहयोगी**

**हरिद्वार।** शब्द गंगा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच तथा श्रवण सेवा एवं शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सरस कवि गोष्ठी का आयोजन श्रवणनाथ नगर स्थित उछाली आश्रम के सभागार में किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा पुष्पांजलि के उपरांत युवा कवयित्री अपराजिता उन्मुक्त की सरस्वती वंदना से हुआ। कवि गोष्ठी में प्रस्तुत रचनाओं में शिवरात्रि महापर्व, ऋतुराज बसंत के साथ-साथ श्रृंगारिक प्रस्तुतियों की प्रधानता रही। कवयित्री मीरा भारद्वाज ने कहा- भोला कर मन मेरा नैनन जल चढ़ाऊं, अभिषेक करूं तेरा, कवि विजेंद्र हर्ष ने कहा - मन भावों के अर्घ्य चढ़ाकर, श्रद्धा के तर्पण देकर, मैंने मुस्कानों की कुछ कलियाँ पथ में बिखराई हैं। डा. सुशील त्यागी अमित की प्रार्थना थी सफलता की




कुंजी प्रभु मम तुम्हीं हो, तो कवियित्री कंचन प्रभा गौतम ने नैनों में अश्रुधार भर कर दूँगी मैं आहुति के साथ. देवाधिदेव महादेव को नमन किया। गीतकार रमेश रमन ने कहा शिव पर भी फूल मिलेगा शव पर भी फूल मिलेगा। मन फूल उठा झूल उठा, जब आई फागुन बयार के साथ वरिष्ठ कवि अरुण कुमार पाठक ने बसंत व फागुन की मस्ती का रंग घोला। कुँवर पाल सिंह धवल ने चर्चा है गलियन में बाग और बगियन में, एक बार फिर सखी आयो बसंत है, और नीता नैयर निष्ठा ने आया वसंत आया वसंत अलबेला के साथ ऋतुराज का स्वागत किया। प्रेम शंकर शर्मा प्रेमी ने अमृत महाकुंभ में जिसने भी स्नान किया, उसका पूजन अर्चन सनातनी दिनचर्या है के साथ महाकुम्भ की महिमा बखानी, तो श्रृंगार रस में सराबोर करते हुए गीतकार भूदत्त शर्मा ने कहा -अजर अमर है भाव प्यार के, प्यार कभी मरता ही नहीं, कवि दीनदयाल दीक्षित ने फरमाया -मैं चला दो कदम जिंदगी की डगर, जिंदगी को मुझी से खता हो गयी, कवि डा.अशोक गिरी ने कहा - अपनों से प्यार करने वालों गैरों से मिलकर देखो तो, डा.श्याम बनौधा तालिब ने फरमाया - कोई इक बाग मोहब्बत का लगाया जाए तो कवयित्री अपराजिता उन्मुक्त ने कहा - सुलग रही है चिंगारी बोलो नारी बोलो।

गोष्ठी में आशा साहनी, कल्पना कुशवाहा, डा.पुष्पा रानी वर्मा, डा.शिवशंकर जायसवाल, डा. एनपी सिंह, अरविंद दुबे, साधुराम पल्लव, पं.ज्वाला प्रसाद शांडिल्य, सुभाष मलिक, डा. मेनका त्रिपाठी, रेखा सिंघल आदि कवियों के काव्यपाठ ने भी श्रोताओं की तालियाँ बटोरी। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी साहित्यकार डा.अशोक गिरी ने किया तथा सभी पधारे कवियों का आभार बृजेंद्र हर्ष ने किया।

# श्रीमहंत रविंद्रपुरी के सानिध्य में संपन्न हुए प्रयागराज महाकुंभ से बढ़ा सनातन धर्म का गौरव

**संवाद सहयोगी**

**हरिद्वार।** प्रयागराज महाकुंभ मेला सकुशल संपन्न होने पर श्यामपुर कांगड़ी स्थित शिवालय निकेतन ट्रस्ट के परमाध्यक्ष स्वामी विपनानंद महाराज एवं स्वामी नागेंद्र ब्रह्मचारी महाराज ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज को बधाई दी है। स्वामी विपनानंद महाराज ने कहा कि महाकुंभ सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व है। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने जिस प्रकार महाकुंभ मेले में अखाड़ों की व्यवस्था को संभाला है। वह अत्यन्त सराहनीय है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुए प्रयागराज महाकुंभ मेले से सनातन धर्म संस्कृति का गौरव पूरे विश्व में बढ़ा है। जिसके लिए श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि 2027 में हरिद्वार में होने वाले अर्द्धकुंभ मेले को कुंभ मेले की तर्ज पर संपन्न कराने की तैयारियां उत्तराखंड सरकार द्वारा की जा रही है। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज के नेतृत्व में सभी तेरह अखाड़े हरिद्वार कुंभ को दिव्य और भव्य बनाने में पूर्ण सहयोग करेंगे। स्वामी विपनानंद महाराज ने कहा हरिद्वार, नासिक और उज्जैन कुंभ मेला भी श्रीमहंत रविंद्रपुरी महराज के नेतृत्व में सभी अखाड़े मिलजुल कर दिव्य और भव्य रूप से संपन्न कराएंगे। स्वामी नागेंद्र ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ की सफलता से अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज एक कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरे हैं। उनके नेतृत्व में जिस प्रकार अमृत स्नान संपन्न हुए हैं। उसकी पूरा देश प्रशंसा कर रहा है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज के नेतृत्व में अखाड़ा परिषद सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन में आगे भी अहम भूमिका निभाएगा।

वहीं गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में औद्योगिक इकाइयों के कर्मचारियों और इलाके के लोगों ने भाग लिया। शिविर में मधुमेह की बढ़ती समस्या, इसे नियंत्रित करने के उपाय, संतुलित आहार तथा शारीरिक गतिविधियों के विषय में लोगों का जागरूक किया गया। स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन सोसाइटी, प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम के प्रबंधक डॉ. संजय शाह और उनकी टीम ने योगदान दिया। डॉ. श्वेतांक ने बताया कि दो दिवसीय शिविर का उद्देश्य मधुमेह जागरूकता बढ़ाना, रोग की शीघ्र पहचान करना और उचित परामर्श प्रदान करना था।

## उत्तराखंड पुलिस के 27 दरोगा बने इंस्पेक्टर

**रुड़की।** उत्तराखण्ड पुलिस के 27 दरोगाओं को पदोन्नत करते हुए निरीक्षक बनाया गया है। पुलिसानिदेशक द्वारा जारी आदेश के अनुसार विभागान्तर्गत चयन वर्ष 2023-2024-2025 के अन्तर्गत निरीक्षक नागरिक पुलिस के रिक्त पदों के सापेक्ष उत्तराखण्ड पुलिस उप निरीक्षक एवं निरीक्षक सेवा नियमावली 2018 यथा संशोधित उत्तराखण्ड पुलिस उप निरीक्षक एवं निरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना) (संशोधन) सेवा नियमावली 2024 में निहित प्राविधानों के अनुसार उप निरीक्षक नागरिक पुलिस/अभिसूचना से निरीक्षक नागरिक पुलिस/ अभिसूचना के पद पर पदोन्नति प्रकिया के परिप्रेक्ष्य में मुख्यालय के समसंख्यक कार्यालय ज्ञाप 22-02-2025 द्वारा गठित विभागीय चयन समिति द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर 27 उप निरीक्षक नागरिक पुलिस को पदोन्नति प्रदान किया गया है।

### भाजपा में जिलाध्यक्ष पद के लिए 20 से अधिक लोगों ने की दावेदारी

## रायसुमारी के लिए जिला कार्यालय पर जुटी कार्यकर्ताओं की भीड

**नागरिक ब्यूरो**

**रुड़की।** रुड़की में भाजपा जिला अध्यक्ष पद के लिए 20 से अधिक लोगों ने दावेदारी की है। जिला कार्यालय पहुंचे पर्यवेक्षकों ने कार्यकर्ताओं से रायसुमारी की और दावेदारों की स्थिति जानी। वहीं रायसुमारी के दौरान कार्यालय में कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटी रही। दावेदार कार्यकर्ताओं से अपने पक्ष में रायसुमारी के लिए चर्चा करते नजर आए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रुड़की में भाजपा जिला अध्यक्ष पद के लिए 20 से अधिक लोगों ने दावेदारी की है। भाजपा में मंडल अध्यक्षों के बाद जिला अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रकिया शुरू हो गई है। रुड़की पहुंचे पर्यवेक्षको में शैलेन्द्र विष्ट जिला चुनाव अधिकारीमेयर देहरादून सौरभ थपलियाल,



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा नेहा जोशी और दर्जाधारी मंत्री बलजीत सोनी नेजिलाध्यक्ष पद के 20 से अधिक दावेदारों के लिए सांसद, विधायक, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रतिनिधि, जिला कार्यकारिणी, प्रदेश पदाधिकारी,मोर्चों के अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायको से रायसुमारी की गई। सभी ने रायसुमारी के दौरान अपने पसंदीदा दावेदार का नाम पर्यवेक्षकों के सामने लिया। वहीं रायसुमारी के दौरान कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जिला कार्यालय में जुटी रही। दावेदार कार्यकर्ताओं से अपने पक्ष में रायसुमारी के लिए चर्चा करते नजर आए।

इन्होंने की दावेदारी..प्रवीण सिंधु, अरविंद गौतम,सुशील त्यागी, भीम सिंह, सत्यपाल सिंह, देशपाल रोड, तेज सिंह सैनी,सूर्यवीर मलिक,गजेंद्र सिंह, नरेश शर्मा,अनुज सैनी,पवन तोमर,संजय अरोड़ा,प्रदीप सिंह पाल,चौधरी अजीत सिंह,अमन त्यागी,प्रभात कुमार,देवी सिंह राणा,अजय कुमार टांक, डा आशुतोष सिंह,मुकेश चौधरी एवं सुदेश चौधरी का नाम शामिल है।

## उमेश कुमार के कार्यालय पर फिर हुई फायरिंग

**नागरिक ब्यूरो**

**रुड़की।** खानपुर विधायक उमेश कुमार के कैंप कार्यालय पर एक बार फिर फायरिंग का मामला सामने आया है। विधायक के सचिव की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है वहीं मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज किया है।

खानपुर विधायक उमेश कुमार के कार्यालय पर पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह ने समर्थकों के साथ जाकर बीती 26 जवनरी को ताबड़तोड़ फायरिंग कर डाली थी। मामले में तभी से चौंपियन न्यायिक हिरासत में हैं। वहीं एक बार फिर से विधायक उमेश कुमार कार्यालय के बाहर फायरिंग की गई है। फायरिंग का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें एक युवक हाथ में तमंचा लेकर विधायक की कोठी की तरफ आया और एक फायर झोंक कर भाग गया। विधायक के सचिव जुबेर काजमी द्वारा दी तहरीर में पुलिस को बताया गया कि कल बुधवार सुबह तीन बजे बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने कार्यालय पर फायरिंग की और फरार हो गए। जुबेर के अनुसार खानपुर विधायक द्वारा की जा रही फायरिंग के बाद कार्यालय पर पुलिस तैनात थी लेकिन 24 फरवरी से पुलिस कर्मी भी ड्यूटी पर नहीं है। वहीं तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीओ रुड़की नरेंद्र पंत का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं पिछले महीने मक्खनपुर गांव के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया था। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी रेशमा ने पुलिस को तहरीर देकर वाहन चालक पर लापरवाही से वाहन चलाकर उसके पति को टक्कर मारने का आरोप लगाया है।

## समर्पण जनकल्याण ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं को किया प्रसाद वितरण

**नागरिक ब्यूरो**

**रुड़की।** महाशिवरात्रि के अवसर पर समर्पण जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा शिव चौक रामनगर पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया।

महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में समर्पण संस्था द्वारा प्रथम बार रामनगर शिव चौक पर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। प्रसाद में मेवा की खीर फ्रूट अन्य प्रकार के प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किए गए। कार्यक्रम में समर्पण मुख्य शाखा एवं महिला शाखा के द्वारा संयुक्त रूप से प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष नरेश यादव ने बताया कि संस्था ने निर्णय लिया अब प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव चौक रामनगर में भी शरदीय कावड़ के अवसर पर प्रसाद वितरण का शिविर लगाया जाएगा। इस अवसर पर संमर्पण



महिला शाखा की संरक्षक पूजा गुप्ता ने भी प्रसाद वितरण कार्यक्रम में पहुंचकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते हुए कहा की संस्था के साथ हम सदैव खड़े हैं,और संस्था जो भी समाजसेवा में कार्य करेगी। उसमें हम तन मन धन से पूरा सहयोग करेंगे। संस्था लगातार धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ जनहित के कार्य भी कर रही है। संरक्षक संजय अरोड़ा ने कहा की यह मेरा सौभाग्य है कि आज समर्पण संस्था ने रामनगर क्षेत्र में महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रसाद वितरण किया। संस्था हमेशा जनहित में कार्य करती आ रही है और आगे भी करती रहेगी। इस मौके पर प्रदीप गोयल, सचिन पंडित, रवि कपूर, संदीप यादव, बबीता यादव, संरक्षक सुगंध जैन ,अध्यक्ष रेनू गुप्ता, महामंत्री एडवोकेट प्रीति अग्रवाल, चारु गोयल, रेशु त्यागी, नीलम सिंगल, प्रियंका अग्रवाल, भूमि सहारण ,ज्योति सैनी ,महेन्द्र काला ,उमेश कोहली, महेंद्र सैनी, महामंत्री प्रदीप गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार सोनकर, अरुण कोहली, विकास गुप्ता,गजेंद्र शर्मा कोषाध्यक्ष शशिकांत अग्रवाल, गौरव गोयल, संजीव सैनी, संदीप यादव, शेर सिंह सारण, राजू अरोड़ा, श्रवण सैनी, नवीन पूरी, चिराग गुप्ता, अनिरुद्ध गोयल, पवन सोनी, सागर, अनूप बंसल, कुलदीप सिंह, अमित त्यागी, अंकुर त्यागी, अपेक्षित त्यागी, सरदार इंद्रजीत सिंह टिंकू, रजनीश गोयल आदि उपस्थित रहे।

## कलियर में मच्छरों का प्रकोप, लोगों की उड़ रही नींद

**नागरिक ब्यूरो**

**रुड़की।** नगर पंचायत क्षेत्र में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए वार्ड 9 सभासद प्रतिनिधि जावेद साबरी ने नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी को पत्र देकर कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव और फॉगिंग कराने की मांग की है।

पिरान कलियर नगर पंचायत वार्ड 9 सभासद महरुबा प्रतिनिधि जावेद साबरी ने नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी को पत्र देकर कहा कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में मख्खी मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे संक्रमण बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। वही बढ़ते मच्छरों से नगरवासियों का जीना मुहाल हो रहा हैं। रात रात भर लोग मच्छरों के कहर के कारण सो नही पा रहे है। उन्होनें कहा कि क्षेत्र में नगर पंचायत द्वारा प्रतिदिन कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया जाए।ताकि मक्खी मच्छरों की इस गम्भीर समस्या से निजात मिल सके।नगर पंचायत ईओ कुलदीप सिंह चौहान का कहना हैं कि क्षेत्र में फोगिग और कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कराया जाएगा।साफ सफाई व्यवस्था को लेकर भी सुपरवाइजर को निर्देश दे दिए गए है।

वहीं जलसंस्थान की ओर से नगर में विभिन्न जगह क्षतिग्रस्त हो चुके सीवर के चेंबरों की मरम्मत का काम चल रहा है। जल संस्थान की गंगा सीवर के सहायक अभियंता जुनैद गौड़ ने विभिन्न स्थानों पर काम का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि विभिन्न स्थानों चेंबर सड़क में दब गए हैं। इससे चेंबर खराब हो रहे हैं। ऐसे में इनको उठाने का काम किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त रामनगर में कुछ स्थानों पर एडीबी की ओर से सीवर लाइन नहीं डाली गई, जिसका सर्वे भी किया जा रहा है।

### मांग पूरी नहीं होने पर दिया तीन तलाक

**रुड़की।** दहेज में एक लाख की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोपियों ने मायके में रह रही विवाहिता के साथ मारपीट की गई और पति ने तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी हैं।

## कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश हुए चैंपियन, मिली कुछ राहत

**नागरिक ब्यूरो**

**रुड़की।** खानपुर विधायक उमेश कुमार के आवास पर फायरिंग के आरोप में 27 जनवरी से न्यायिक हिरासत में कुंवर प्रणव सिंह को थोड़ी राहत कोर्ट से मिली है। उनके ऊपर से हत्या के प्रयास की धारा हटाने को मंजूरी मिल गई है। कल 28 फरवरी को उनके बेल की अर्जी डाली जाएगी। उक्त बात उनके अधिवक्ता प्रवीण तोमर ने मीडिया से वार्ता के दौरान बताई। पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह 27 जनवरी से न्यायिक हिरासत में है। उनके ऊपर हत्या के प्रयास की धारा में मुकदमा दर्ज था लेकिन दो दिन पूर्व पुलिस ने जांच के दौरान बदलाव करते हुए हत्या के प्रयास की धारा के स्थान पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास की धारा कर दी थी पुलिस ने मामले में आज चार्जशीट कोर्ट में दाखिल



की। वहीं आज कुंवर प्रणव की कोर्ट में पेशी थी,कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन को आज कोर्ट में पेश किया गया। कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन के वकील प्रवीण तोमर द्वारा कोर्ट से मुकदमे में से हत्या के प्रयास की धारा 109 हटाने की अपील की गई थी जिस पर सीजेएम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए उक्त धारा 109 को हटाकर गैर इरादतन हत्या 110 की धारा दी गई हैं। चौंपियन के वकील प्रवीण तोमर का कहना है 28 फरवरी को जमानत के लिए कोर्ट में अपील की जाएगी।

### तीन दिवसीय स्काउट एंड गाइड शिविर का हुआ समापन

## छात्रों को साइबर क्राइम व यातायात नियमो की दी जानकारी

**नागरिक ब्यूरो**

**रुड़की।** भलस्वागाज स्थित संतोषी बाल विद्या मंदिर में तीन दिवसीय हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड शिविर का समापन किया गया। जिसमें सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंकुर शर्मा थाना अध्यक्ष झबरेड़ा ने कैडेट्स को सम्मानित किया तथा उन्हें वर्तमान में चल रहे साइबर अपराध, यातायात नियम, सामाजिक सुरक्षा, यौन संबंधी अपराध आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में कैंप डायरेक्टर मिस स्वाति सैनी के द्वारा संचालित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भलस्वागाज स्थित संतोषी बाल विद्या मंदिर में तीन दिवसीय हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड



शिविर का समापन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संचालक ठाकुर वीरेंद्र सिंह ने कहा की स्काउट एंड गाइड का कार्यक्रम बच्चों में अनुशासन संकट की स्थिति में हौसले के साथ में उसका मुकाबला करने व बच्चों में आपसी सहयोग के साथ काम करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य को और खान-पान को उत्तम बनाने का कार्य करता है। ऐसे कार्यक्रम लगातार पाठ्यक्रम में होने चाहिए। कार्यक्रम में कैंप डायरेक्टर मिस स्वाति सैनी के द्वारा संचालित किया गया तथा विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक व सामाजिक गतिविधियां संचालित की गई।

इस अवसर पर संस्था की प्रधानाचार्या ज्योति त्यागी, उपप्रधानाचार्या सीमा चौधरी, संगीता चौधरी, सपना चौधरी, रुमन त्यागी, राजकुमारी मित्तल, नीरज कुमार, सचिन कुमकार, सतीश नेगी, सुभाष कुमार, अमित कुमार, ऋतु रावत, दीपाली वर्मा, माही प्रजापति, हिना अष्टवाल, वैष्णवी शर्मा, गुनगुन त्यागी, शगुन अष्टवाल, विराट राणा, वंश अष्टवाल आदि उपस्थित रहे।

### नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी

## चरस तस्करी के आरोप में महिला गिरफ्तार

**नागरिक ब्यूरो**

**रुड़की।** पुलिस ने एक महिला को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहाँ से जेल भेज दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने एक महिला को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिलवर सिहं नेगी में बताया कि एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर थाना क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहे हैं। बुधवार को धनौरी चौकी प्रभारी हेमदत्त भारद्वाज ने शिवदासपुर तेलीवाला में शिव मंदिर के पास एक दुकान से एक महिला को गिरफ्तार किया



है। जिसके पास से 62.85 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई है।पुलिस ने पकड़ी गई महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहाँ से उसे जेल भेज दिया है।टीम में धनौरी चौकी प्रभारी हेमदत्त भारद्वाज, महिला हैड कांस्टेबल दर्शन कौर, अजब सिंह, अजमद आदि शामिल रहे। वहीं पुलिस ने गुरुवार को आपस में झगड़ रहे तीन लोगों का शांति भंग में चालान कर उन्हें कोर्ट में पेश किया है। थाना अध्यक्ष अंकुर शर्मा ने बताया कि कस्बा निवासी साजिद, कुर्बान और दानिश गुरुवार को बाजार में किसी बात को लेकर आपस में गाली गलौज में झगड़ रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयाय किया लेकिन नहीं मानने पर उन्हें थाने लाया गया। जहां उनका शांति भंग में चालान कर उन्हें कोर्ट में पेश कर दिया गया।

छह लोगों पर बिजली चोरी का केस-ऊर्जा निगम की टीम ने कस्बे के मलानपुरा, मलकपुरा व सराय अजीज में चेकिंग अभियान चलाया, जहां पर छह लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। अवर अभियंता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

## चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर भाजपाईयों ने की पुष्पांजलि

**नागरिक ब्यूरो**

**रुड़की।** तहसील परिसर स्थित भाजपा नेता एड. नवीन जैन के कैंप कार्यालय पर शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।इस अवसर पर एडवोकेट नवीन जैन ने कहा की चंद्रशेखर आजाद देशभक्ति थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया था। यदि क्रांतिकारी आजाद ने 1927 में अपने साथी रामप्रसाद बिस्मिल आदि 3 साथियों के साथ मिलकर काकोरी कांड को अंजाम ना दिया होता। हिंदुस्तान रिपब्लिक सोशलिस्ट पार्टी कई क्रांतिकारी दलों को साथ लेकर गठन कर भारत माता की स्वतंत्रता प्राप्ति कराने में अपने को स्वमं की गोली मारकर देश के लिए बलिदान कर अहम भूमिका



निभाई। व्यापारी नेता अरविंद कश्यप ने कहा कि आजाद इतिहास के पन्नों पर अपना नाम दर्ज कराया। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। हम सब को देशभक्त चंद्रशेखर आजाद को स्मरण रखना चाहिए। इस अवसर पर अधिवक्ता नीलकमल शर्मा पूर्वी मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष भाजपा, सुनील कुमार गोयल, अशोक कुमार, विनोद शर्मा, अनुज आत्रेय, एड रामगोपाल शर्मा,आशीष पंडित, सोनू गुज्जर, अनिल वर्मा, सुधीर चौधरी, सचिन गोंड़वाल, राजेश वर्मा, बृजेश सैनी, मदन श्रीवास्तव, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।



# डीजीपी के नाम से एसपी से मांगे 50 हजार, चार गिरफ्तार

**संवाद सहयोगी**

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक से एक साइबर अपराधी द्वारा डीजीपी के नाम से पैसे की डिमांड की जा रही थी, जिसे कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस टीम ने पकड़ने में कामयाबी पा ली है। साइबर ठगी करने वाले आरोपियों के इस गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इधर, कामयाबी पाने वाली पुलिस टीम को एसपी ने ढाई हजार और पुलिस उप महानिदेशक अपराध एवं कानून से पांच हजार के इनाम की घोषणा की गई है। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने बताया कि जनवरी माह में उनकी सीयूजी (सरकारी) मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नम्बर से व्हट्सएप मैसेज भेजा गया। जिस पर सामने वाले व्यक्ति ने स्वयं का परिचय दीपम सेठ, पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड के रूप में दिया। साथ ही बैंक खाते में 50 हजार की धनराशि डालने का अनुरोध किया गया। एसपी अक्षय प्रहलाद कोंडे ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली रुद्रप्रयाग में मुकदमा दर्ज करवा दिया। साथ ही निरीक्षक राकेश कुमार प्रभारी साइबर सेल रुद्रप्रयाग को विवेचना सौंप दी। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान खाते एवं मोबाइल का संचालन महाराष्ट्र एवं राजस्थान में होना पाया गया। मामले के खुलासे के लिए जिला स्तर पर टीम गठित कर दबिश, छापेमारी के लिए महाराष्ट्र एवं राजस्थान के लिए रवाना की गई। एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने संबंधित स्थानों पर पहुंचकर एक माह तक वहीं रहकर स्थानीय स्तर पर छापेमारी, एआई व मोबाइल फोरेंसिक के उपयोग से इस मामले में प्रथम दृष्टतया 6 लोगों की संलिप्तता पाई। इसमें 4 लोगों को राजस्थान से हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान इन चारों व्यक्तियों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर सभी को नियमानुसार गिरफ्तार कर संबंधित स्थानीय न्यायालय में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर रुद्रप्रयाग लाया गया है। आरोपियों से जरूरी पूछताछ के बाद जनपद न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले में सफलता पाने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक ने ढाई हजार और पुलिस उप महानिदेशक अपराध एवं कानून की तरफ से पांच हजार के इनाम देने की घोषणा की गई है। पुलिस टीम में निरीक्षक राकेश कुमार प्रभारी साइबर सेल पुलिस कार्यालय रुद्रप्रयाग, उप निरीक्षक रणजीत खनेड़ा, आरक्षी कुलदीप सिंह, राकेश कुमार, आरक्षी रविन्द्र सिंह एसओजी रुद्रप्रयाग, आरक्षी विनय एसओजी रुद्रप्रयाग शामिल रहे। ये आरोपी किए गए गिरफ्तार: राजू प्रजापत पुत्र दौलतराम प्रजापत, निवासी गली नंबर 05 वार्ड नंबर 46, कुम्हारों का मौहल्ला गणेश टैंट हाउस थाना गंगाशहर जिला बीकानेर राजस्थान, ललित किशोर उपाध्याय पुत्र प्रकाश चन्द उपाध्याय, निवासी कुम्हारों का मौहल्ला, लक्ष्मी नाथ जी रोड थाना गंगाशहर जिला बीकानेर राजस्थान, बलवान हुसैन पुत्र मोहम्मद अनवर, निवासी लाल गुफा रोड़, हम्मालों की बारी के बाहर, थाना सिटी कोतवाली, जिला बीकानेर, राजस्थान, मोहम्मद अयूब पुत्र मोहम्मद सलीम, निवासी लाल गुफा रोड, हम्मालों की बारी के बाहर, थाना सिटी कोतवाली, जिला बीकानेर, राजस्थान।

## खाद्य विभाग ने पेट्रोल पंपों पर जांची व्यवस्थाएं

**नई टिहरी।** चारधाम यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए डीएम और डीएसओ के निर्देश पर खाद्य आपूर्ति टीम ने भिलंगना क्षेत्र के पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। मौके पर टीम ने जरूरी व्यवस्थाएं देखकर दिशा निर्देश भी दिए। गुरुवार को क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी गरवीन चंद्र भट्ट, पूर्ति इंस्पेक्टर रामेश्वरी देवी, धीरेंद्र पेटवाल, अमित भंडारी की टीम ने घनसाली और चमियाला क्षेत्र के पेट्रोल पंप पर रेट लिस्ट, ईंधन गुणवत्ता, सीसीटीवी कैमरा, स्वच्छता, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय सहित आपदा के दृष्टिगत पर्याप्त ईंधन स्टॉक होने और सुरक्षा संबंधी मानकों का अपडेट लिया। उन्होंने फिलिंग स्टेशनों में कर्मचारियों को नियत वर्दी में होने, पेट्रोल पंपों को 24 घंटे खोलने के निर्देश दिए। जाम लगने की संभावना के कारण फीलिंग स्टेशन मे ईधन वितरण की मशीनों की संख्या बढ़ाए जाने को भी कहा गया। बताया कि पेट्रोल, डीजल स्टॉक की सूचना प्रत्येक दिन उनके कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। किसी भी तरह की शिकायत पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

वहीं पुलिस ने विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण के नेतृत्व में गठित टीम ने दबिश देकर लंबे समय से फरार वारंटी आमिर निवासी वार्ड तीन वर्मा लाइन टनकपुर को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## आग लगाने वाले व्यक्ति पर किया गया मुकदमा दर्ज

**चमोली।** बुधवार को किसी व्यक्ति ने वन विभाग को जानकारी दी कि एक व्यक्ति वन पंचायत क्षेत्र मठ छडेता के वन पंचायत क्षेत्र में आग लगा रहा है। वन विभाग द्वारा टीम गठित कर उप वन क्षेत्राधिकारी डब्बल सिंह वन आरक्षी अरविन्द व वन दरोगा प्रदीप को घटना स्थल के लिए रवाना किया गया। मौके पर टीम ने पाया एक व्यक्ति बकरियों को चराते हुए आग लगाते हुए जा रहा है। टीम द्वारा उससे पूछताछ की गयी। उसने अपना नाम वीरेन्द्र सिंह ग्राम मठ पोस्ट बेमरू बताया। साथ ही उसने बताया कि उसने बकरियों के लिए हरी घास के प्रयोजन से आग लगाई है अभियुक्त द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया तत्पश्चात् अभियुक्त वीरेन्द्र सिंह पुत्र वादर सिंह निवासी ग्राम.मठ पो०.बेमरू के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# सर्वोदयी नेत्री देवकी कुंजवाल पंचतत्व में विलीन

**संवाद सहयोगी**

**अल्मोड़ा।** प्रख्यात सर्वोदयी नेता स्वर्गीय केदार सिंह कुंजवाल की धर्मपत्नी देवकी कुंजवाल (88) का गुरुवार को जागेश्वर धाम में अंतिम संस्कार किया गया। उनकी चिता को मुखाग्नि उनके इकलौते पुत्र, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री दिनेश कुंजवाल और उनके देवर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने दी। श्अम्मा जीश के नाम से पहचानी जाने वाली देवकी कुंजवाल की शवयात्रा उनके निवास केदार परिसर, चौखुरी जैंती से प्रात: 10:30 बजे प्रारंभ होकर 12:00 बजे जागेश्वर धाम पहुंची, जहां उनकी अंत्येष्टि की गई। उनकी अंतिम यात्रा में विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और साहित्यिक क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोग शामिल हुए। उपस्थित लोगों में जागेश्वर के भाजपा विधायक मोहन सिंह महरा, अल्मोड़ा के कांग्रेस विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, वरिष्ठ साहित्यकार और कवि गोपालदास भट्ट, देवभूमि व्यापार मंडल अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर, सालम समिति के अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र रावत, रमेश जोशी, भाजपा नेता नरेंद्र सिंह बिष्ट, पूर्व शिक्षक नेता राजेंद्र बोरा, देव सिंह बिष्ट, पूर्व तहसीलदार लोकमणी भट्ट, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, पूर्व अध्यक्ष पीतांबर पांडे, नगर निगम अल्मोड़ा के पार्षद हेमचंद तिवारी, दीवान सिंह बोरा सहित क्षेत्र के सैकड़ों प्रधान, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।




# नगर पालिका की बैठक में घर-घर से कूड़ा उठाने पर जोर

**संवाद सहयोगी**

**बागेश्वर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के लिए नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में नगर को स्वच्छ रखने पर जोर दिया गया। घर-घर कलेक्शन के लिए वार्ड में जाने वाली महिलाओं को कुछ घरों से कूड़ा नहीं दिया जाता। बाद में उसे झाड़ी तथा नदियों के किनारे फेंका जाता है। इस पर नाराजगी जताई गई। कहा कि ऐसे लोगों को चिह्नित कर उन्हें नोटिस दिया जाएगा। साथ ही आरे में बने डंपिंग जोन में कूड़ा एकत्र कर नगर पालिका की आय बढ़ाने पर जोर दिया गया। कहा कि इसका प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इससे लोगों को भी राहत मिलेगी और पालिका की आय बढ़ेगी। नगर पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित बैठक में नगर पालिका के ब्रांड अंबेसडर किशन सिंह मलड़ा, संजय साह जगती ने कहा कि नदियों को स्वच्छ रखने के लिए सभी को आगे आना होगा। नगर में बढ़ते पॉलीथिन के प्रयोग पर भी चिंता जताई गई। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगर में पुराने मकानों को तोड़ने के बाद लोग मलबा इधर-उधर फेंक देते हैं। इसके लिए नगर पालिका के पास आरे में सात नाली जमीन है। पुराने मकानों के मलबे को इसमें डलवाया जाएगा। इसे फेंकने के एवज में पालिका एक तय धनराशि लेगी, जब किसी को नये मकान की नींव के लिए इस सामग्री की जरूरत पड़ेगी तो उसे बेचा भी जाएगा। इससे पालिका की आय बढ़ेगी। इसे अलावा बैठक में आवारा जानवरों को छोड़ने वालों पर कड़ी नजर रखने को कहा गया। संचालन रजत ने किया। इस मौके पर सभासदों के अलावा उर्मिला बिष्ट, अनीता व अन्य लोग मौजूद रहे।

वहीं गरुड़ नगर पंचायत अध्यक्ष भावना वर्मा ने गुरुवार को बैठक की। अध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र को साफ व सुंदर रखना हम सब का कर्तव्य है। इसमें सभी का सहयोग जरूरी है। सफाई कर्मियों को नियमित सफाई करने के निर्देश दिए।

## पाटी में मची बैठी होली की धूम

**चम्पावत।** पाटी में महा शिवरात्रि पर होल्यारों ने राग-फाग से सजी बैठकी होली का गायन किया। यहां देर रात तक होल्यारों ने होली पेश कर समा बांध दिया। बुधवार रात को मां वाराही सुगम संगीत समिति के सदस्य जगदीश टकवाल के आवास में बैठकी होली हुई। शुभारंभ भुवन चंद्र जोशी ने राग सहाना में बय्या पकड़ मुख पर मलत गुललवा.. से की। सुरेश भट्ट ने राग काफी में सबको मुबारक होली, फागुन ऋतु शुभ अलबेली.. होली पेश की। गुणानंद गहतोड़ी ने राग काफी में आज रसीले देखें नयन मैंने...का गायन किया। खीमानंद जोशी ने राग काफी में अजहूं उमर की मैं बाली..होली पेश की। गोकुलानंद भट्ट ने राग विहाग में जय भोला भंडारी..की प्रस्तुति दी। सतीश जोशी ने राग काफी में शिव सुमिरन जिन जाना.. का गायन किया।

# सोशल मीडिया में दुष्प्रचार करने पर भेजा नोटिस

**संवाद सहयोगी**

**श्रीनगर अगढ़वाल।** मेडिकल कॉलेज के बेस चिकित्सालय प्रशासन ने सोशल मीडिया में दुष्प्रचार करने पर एक व्यक्ति को लीगल नोटिस भेजा है। बेस अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजेय विक्रम सिंह ने बताया कि संस्थान और अस्पताल के साथ ही खुद उनके खिलाफ सोशल मीडिया में गलत, झूठी और भ्रामक बातें प्रचारित कर उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। जिस पर एक व्यक्ति को लीगल नोटिस भेजा गया है। कहा कि अस्पताल में बिना किसी कारण जबरदस्ती वार्डों में आकर वीडियोग्राफी करना प्रतिबंधित है। यदि कोई इसका उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। बताया कि गत 11 जनवरी को एक व्यक्ति जबरदस्ती डायलिसिस यूनिट में अपने साथ अन्य लोगों को लेकर आया और वीडियोग्राफी करने लगा, मना करने के बावजूद भी वीडियोग्राफी करता रहा। उक्त व्यक्ति द्वारा अस्पताल की सुविधाओं एवं डायलिसिस यूनिट के बारे में सोशल मीडिया पर झूठा और भ्रामक प्रचार किया गया और गलत तथ्यों को पेश किया गया। डॉ. अजेय ने बताया कि डायलिसिस यूनिट में तैनात एक कर्मचारी को अनियमितता और घोर लापरवाही के कारण अन्यत्र संबद्ध कर दिया गया, जो कि विभागीय प्रक्रिया के तहत हुआ है।



# भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए 2 महिलाओं समेत 10 दावेदार

**संवाद सहयोगी**

**अल्मोड़ा।** भाजपा ने मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद जिलाध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी है। अल्मोड़ा में जिलाध्यक्ष पद के लिए दस पदाधिकारियों ने दावेदारी पेश की है, जिनमें वर्तमान महामंत्री समेत अन्य पदाधिकारी शामिल हैं। दो महिला पदाधिकारी भी इस दौड़ में शामिल हैं। बृहस्पतिवार को पातालदेवी स्थित पार्टी कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पर्यवेक्षक बलवंत भौर्याल, तरुण बंसल और राकेश नैनवाल ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ रायशुमारी की। बैठक में चुनाव अधिकारी खिलेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे। भाजपा के सांगठनिक जनपद अल्मोड़ा में जिलाध्यक्ष पद पर दावेदारी करने वालों में वर्तमान जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, महेश नयाल, ललित दोसाद, महिपाल बिष्ट, दर्शन रावत, संजय डालाकोटी, प्रकाश भट्ट, दीपक पांडे, बीना नयाल और पूनम पालीवाल के नाम शामिल हैं। चुनाव अधिकारी खिलेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है, जो अपने सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है। पार्टी सभी से रायशुमारी कर दावेदारों का पैनल तैयार करती है। उन्होंने बताया कि पर्यवेक्षकों ने कार्यकर्ताओं की राय जानी है, और जिलाध्यक्ष पद के इच्छुक दावेदारों का पैनल बनाकर प्रदेश नेतृत्व को सौंपा जाएगा। चर्चा के बाद जिलाध्यक्ष के नाम की औपचारिक घोषणा की जाएगी। यहाँ बैठक में जिला पदाधिकारी, मोर्चों के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

वहीं विकास गुलाटी को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष और ओमनारायण को नानकमत्ता ग्रामीण मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया है। उमेश अग्रवाल को नगर मंडल प्रतिनिधिव, रविंद्र पाल सिंह को ग्रामीण मंडल प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इधर, गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया।

## दो बाइकों में आमने-सामने की हुई भिड़ंत

**चम्पावत।** टनकपुर में दो बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में चार बाइक सवार घायल हो गए। जिसमें से गंभीर रूप से दो घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। टनकपुर के छीनीगोठ में बीते 26 फरवरी रात नौ बजे दो बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में हादसे में अमन बिष्ट (24), संजय कलौनी (30), विनोद सिंह धौनी (26) और कमल सिंह (33) सभी निवासी छीनीगोठ घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने चारों घायलों को तत्काल उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार कर रहे डॉ.आफताब अंसारी ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल अमन बिष्ट और विनोद धौनी को हल्द्वानी के एसटीएच रेफर किया गया है।

# खाद्य सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का कड़ाई से हो पालन

**संवाद सहयोगी**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि जिले में खाद्य सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का कड़ाई से पालन हो। अस्पतालों, स्कूलों और आवासीय विद्यालयों में भी खाद्य मानकों की सख्ती से जांच की जाए, ताकि विद्यार्थियों और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध हो सके। उन्होंने शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों से समन्वय कर प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में खाद्य विभाग द्वारा जिले में पोषक आहार की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर सहित अन्य शिक्षण संस्थानों में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। डीएम ने सीएमओ को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में खाद्य सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित कराने के लिए जिला स्वास्थ्य अधिकारी की तैनाती सुनिश्चित की जाए। ताकि स्वास्थ्य अधिकारी भी समय-समय पर खाद्य सुरक्षा मानकों की पड़ताल कर सकें। बैठक में सीएमओ डॉ.कुमार आदित्य तिवारी, सीईओ जीएस सोन, डीपीओ मंजुलता यादव, डीएसओ मनोज कुमार वर्मन, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी एलएम पांडेय, सीएओ राजेंद्र उप्रेती आदि मौजूद रहे।

वहीं जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) अधिनियम के तहत जिले के सभी सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्टाफ को अपने विवाह का पंजीकरण युद्धस्तर पर सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 26 मार्च 2010 के पश्चात जिनका विवाह हुआ है, वे यूसीसी पोर्टल पर अपना विवाह पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें। कहा कि विवाह पंजीकरण न केवल एक कानूनी औपचारिकता है, बल्कि समाज में पारदर्शिता, महिला सशक्तिकरण और कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। डीएम ने कहा कि समान नागरिक संहिता का मुख्य उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करना है, जिससे किसी भी व्यक्ति के साथ धार्मिक या लैंगिक भेदभाव न हो।

# जीआईसी अंडोली में पेयजल संकट बरकरार, नहीं हुआ समाधान

**संवाद सहयोगी**

**अल्मोड़ा।** राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) अंडोली में पानी की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं के साथ-साथ भोजन माताओं को भी अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञातव्य है कि पहले गरुड़ाबाज-घुरकुना मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे ठीक करने के लिए लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी। हाल ही में, प्राकृतिक आपदा से मार्ग में मलबा आने के कारण कॉलेज की पेयजल लाइन फिर से टूट गई है। इस समस्या के चलते कॉलेज प्रशासन और छात्र पानी की भारी कमी से जूझ रहे हैं। जीआईसी अंडोली के प्रधानाचार्य ने इस मुद्दे से उपजिलाधिकारी (एसडीएम) भनोली, गुरुड़ाबाज और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया है, लेकिन समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया है। 15 वर्ष पूर्व अधिशासी अभियंता जल निगम निर्माण शाखा द्वारा सेगड़ गधेरे से बनाई गई अंडोली पेयजल योजना वर्तमान में, जल निगम द्वारा लावारिस अवस्था में छोड़ दी गई है। इस संबंध में विभाग और प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। मुख्य विकास अधिकारी ने पानी की व्यवस्था को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। छात्रों, अभिभावकों और स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द पेयजल लाइन को ठीक करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी एवं सम्पादक **एम हसीन** द्वारा परम नागरिक प्रकाशन, 449 (254) शेखपुरी, रुड़की-247667 जनपद हरिद्वार (उत्तराखण्ड) के लिए ए के प्रिंटर्स खान मार्केट शहाबुद्दीनपुर रोड लढ्ढावाला, मुजरफ्फरनगर से मुद्रित एवं 449 (254) शेखपुरी, रुड़की-247667 जनपद हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित। सम्पर्क : 9997178556 ई-मेल : paramnagrik2013@gmail.com, hasin.m1@gmail.com
सभी वादों का न्याय क्षेत्र रुड़की ही मान्य होगा। प्रकाशित समाचार सामग्री का प्रेस से कोई सम्बंध नहीं है।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक

**संवाद सहयोगी**

**चमोली।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में गुरुवार का जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने रेखीय विभागों की ओर से गंगा संरक्षण को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को नालों के साथ स्वच्छता को लेकर किए जा रहे कार्यों को मानकों के अनुरूप करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने नगर पालिकाओं की ओर से स्वच्छता को लेकर किए जा रहे कार्यों को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी नगर पालिका व पंचायतों के अधिकारियों को शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कलेक्शन करने, नगर क्षेत्र में 20 से अधिक कमरे वाले होटलों में एनजीटी के नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नोटिस दिए जाने के बाद भी नियमों का पालन सुनिश्चित करने वाले होटलों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के आदेश दिए। साथ ही उन्होंने नगर क्षेत्र में डोर-टू-डोर कलेक्शन के निरीक्षण के लिए रोस्टर तैयार कर जांच करने के आदेश भी दिए। वहीं कर्णप्रयाग में निर्मित 2 एसटीपी के हस्तांतरण को लेकर जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को 1 मार्च तक रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गोपेश्वर नगर पालिका को लीसा फैक्ट्री बाईपास रोड़ के समीप एमआरएफ बनाने के निर्देश दिए। जिससे नगर क्षेत्र के कूड़े का निस्तारण सुगमता से किया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने उद्योग विभाग के अधिकारियों कालेश्वर औद्योगिक अस्थान में ईटीपी का संचालन शुरु करवाने के साथ ही सभी औद्योगिक ईकाईयों को ईटीपी से संयोजन सुनिश्चित करने के आदेश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में गंगा संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों के तहत चमोली के 148 गांवों में मौजूद नालियों पर जाली लगाई जानी है। जिसके लेकर जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक को चयनित स्थलों पर शीघ्र कार्य करने के निर्देश दिए। इस मौके पर नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी गोविंद सिंह ने बताया कि जल संस्थान कर्णप्रयाग के एसटीपी हस्तांतरण को लेकर जल संस्थान की ओर से पत्राचार किया जा रहा है। जबकि उद्योग विभाग की ओर से कालेश्वर औद्योगिक आस्थान में ईटीपी संचालन के लिए निदेशालय से पत्राचार कर शीघ्र ईटीपी का सुचारू संचालन करने की जानकारी दी गई है।

बैठक में डीएफओ सर्वेश दुबे, परियोजना निदेशक आनंद सिंह भाकुनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। जिले के सभी नगर पालिका व पंचायतों के अधिशासी अधिकारी व अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

## हौजरी और हस्तशिल्प कार्यशाला हुई

**चम्पावत।** खर्ककार्की गांव स्थित महिला प्रौद्योगिकी केंद्र में भारतीय ग्राम उत्थान संस्था ऋषिकेश ने हौजरी और हस्तशिल्प को लेकर एक दिनी कार्यशाला का आयोजन किया। इसके अलावा यूकॉस्ट की सहायता से बालेश्वर मंदिर की गली में प्रदर्शनी भी लगाई गई।यहां भारतीय ग्राम उत्थान संस्था ऋषिकेश के प्रभारी अनिल चंदोला, टेक्निशियन राम सेवक रतूड़ी, यूकॉस्ट के संतोष कर्नाटक, दीपिका भट्ट, कमला पांगती, संगीता खर्कवाल, आशा, पुष्पा जोशी, गीता, ज्योति बोहरा, विमला महर, हीरा देवी, मोती देवी, तनुजा पांडेय आदि मौजूद रहे।

# डीएम तिवारी ने रिवर ड्रेजिंग कार्यों की समीक्षा की

**संवाद सहयोगी**

**चमोली।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में रिवर ड्रेजिंग कार्यों की समीक्षा की। रिवर ड्रेजिंग कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम ने चिन्हित रिवर ड्रेजिंग कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ करने के दिए निर्देश । इस दौरान प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी चिन्हित लॉटो पर चर्चा की गयी।

जिलाधिकारी ने चिन्हित किए लॉटो का दोबारा निरीक्षण कराने और नये लॉट चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो लॉट चिन्हित किए गए हैं उसके आसपास भी बडी मात्रा में मलबा पड़ा हुआ है। मलबा हटाने से जहां मानसून में नदी आपदा की संभावना को कम किया जा सकता है वहीं इससे सरकार को अच्छे राजस्व की प्राप्ति होगी। उन्होंने रिवर ड्रेजिंग कार्यो को शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। वहीं कुलसारी स्थित लॉटो को तहसीलदार व खनन अधिकारी को संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में खनन अधिकारी अंकित चन्द ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए जनपद में 21 लॉट चिन्हित किए गए हैं। तहसील चमोली में 6, जोशीमठ में 4, नन्दप्रयाग में 2, थराली में 6, कर्णप्रयाग में 2 तथा नन्दानगर में 1 लॉट चिन्हित किया गया है। जिनसे 1 करोड़ से अधिक के राजस्व प्राप्ति होगी। इस दौरान डीएफओ सर्वेश दुबे, डीएफओ बी.बी. मार्तोलिया, एडीएम विवेक प्रकाश,एसडीएम संतोष पांडेय, एसडीएम चन्द्रशेखर वशिष्ठ ,पीडी आनन्द सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

वहीं उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने को शिक्षा विभाग अलग-अलग विद्यालयों का निरीक्षण कर रही है। गुरुवार को मुख्य शिक्षाधिकारी एचआर कोहली के नेतृत्व में टीम ने कपलेश्वर विद्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया। सीईओ कोहली ने बताया कि उड़न दस्ते की चार टीम गठित की गई हैं, जो लगातार विद्यालयों का निरीक्षण कर रही है।



# भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए 12 ने ठोकी दावेदारी

**संवाद सहयोगी**

**उत्तरकाशी।** पौड़ी में भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए 12 लोगों ने अपने नामांकन करवाए हैं। रायशुमारी के बाद सूची दो मार्च तक प्रदेश को भेजी जाएगी। जिलाध्यक्ष की दावेदारी में वर्तमान और पूर्व जिलाध्यक्ष सहित जिला महामंत्री भी शामिल हैं। पार्टी के जिला चुनाव अधिकारी विनोद रतूड़ी ने बताया कि भाजपा के जिलाध्यक्ष पद पर पार्टी की रायशुमारी बैठक आयोजित हुई। भाजपा के सांगठनिक जनपद पौड़ी में जिलाध्यक्ष पद पर 12 पदाधिकारियों ने दावेदारी की है। इनमें दो महिला दावेदार भी शामिल हैं। गुरुवार को सर्किट हाउस पौड़ी में भाजपा जिलाध्यक्ष पौड़ी के पद पर निर्वाचन प्रक्रिया हुई। यहां पहुंचे भाजपा पर्यवेक्षक दर्जाधारी राज्यमंत्री चंडी प्रसाद भट्ट, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र पुंडीर व चुनाव अधिकारी विनोद रतूड़ी ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से रायशुमारी की। इस दौरान चुनाव अधिकारी के सामने जिलाध्यक्ष पद पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुषमा रावत, जिला उपाध्यक्ष कमल किशोर रावत, जिला महामंत्री शशि रतूड़ी, पूर्व जिला महामंत्री व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगत किशोर बड़थ्वाल, एकेश्वर ब्लाक प्रशासक नीरज पांथरी, पूर्व जिलाध्यक्ष संपत रावत, पूर्व जिला महामंत्री ओम प्रकाश जुगराण ने दावेदारी पेश की। इनके अलावा पूर्व जिला उपाध्यक्ष दलवीर नेगी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमनलता ध्यानी, प्रह्लाद रावत, नरेंद्र रावत व नरेंद्र डंडरियाल शामिल हैं। रायशुमारी में जिला पदाधिकारी, मोर्चों के जिलाध्यक्ष व महामंत्री, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रतिनिधि, विधायक, प्रदेश मोर्चो के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, ब्लाक प्रमुख, पूर्व जिलाध्यक्ष ने अपनी-अपनी राय दी। चुनाव अधिकारी विनोद रतूड़ी ने बताया कि जिलाध्यक्ष पौड़ी के पद पर चुनाव प्रक्रियां की गई है। जिसकी रिपोर्ट पार्टी प्रदेश अध्यक्ष को सौंपी जाएगी।

# विधायक बेहड़ ने चौराहे पर फूंका शहर कोतवाल का पुतला

**संवाद सहयोगी**

**रुद्रपुर।** विधायक तिलकराज बेहड़ ने महाराणा प्रताप चौक पर शहर कोतवाल का प्रतीकात्मक पुतला फूंक कर विरोध जताया। इस दौरान कांग्रेसियों ने कोतवाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बेहड़ ने आरोप लगाया कि पुलिस कांग्रेसियो पर जबरन मुकदमे कायम कर उनका उत्पीड़न कर रही है। बेहड़ ने कोतवाल को हटाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा जब तक कोतवाल को नहीं हटाया जाएगा उनका आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। बीते सोमवार को पुलिस ने कांग्रेसी नेता सरवरयार खान के खिलाफ तहरीर पर उन्हें जबरन कोतवाली में लाकर पूछताछ की थी। बेहड़ ने पुलिस पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कोतवाली में दरी बिछा कर धरना दिया था और कोतवाल धीरेन्द्र कुमार को हटाने के लिए आंदोलन की चेतावनी दी थी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को विधायक बेहड़ की अगुवाई में सैकड़ो कांग्रेसी हाथों में तख्तियां लेकर नगर के मुख्य चौराहे महाराणा प्रताप चौक पर जमा हुए। यहां उन्होंने कोतवाल धीरेन्द्र कुमार के प्रतीकात्मक पुतले को आग हवाले कर दिया। इस दौरान कांग्रेसियों ने कोतवाल को हटाने की मांग को लेकर नारेबाजी की। बेहड़ ने आरोप लगाया कि पुलिस ने दबाव में आकर किच्छा विधानसभा को टारगेट कर रखा है। कांग्रेसियों जबरन मुकदमे कायम कर उन्हें साधारण धाराओं में जेल भेजा जाता है। उनके साथ मारपीट होती है। पुलिस उन्हें नजरअंदाज करती है। कोतवाल का किच्छा से ट्रांसफर होने के बाद दोबारा किच्छा में ही पोस्टिंग दी जाती है। जोकि संदेहास्पद है। बेहड़ ने कहा कि पुलिस कांग्रेसियों का जितना उत्पीड़न करेगी उतना कांग्रेस को लाभ मिलेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अब कोतवाल के खिलाफ आरपार की लड़ाई होगी। आज पुतला फूंका गया है। एक मार्च को वह सीओ आफिस के बाहर बैठेंगे। छह मार्च को वह रुद्रपुर में एसएसपी कार्यालय का घेराव करेंगे। इसके बाद डीजीपी से मिलने का प्रयास किया जाएगा। यदि फिर भी कोतवाल को नहीं हटाया गया तब वह डीजीपी और मुख्यमंत्री कार्यालय के बाहर धरना देंगे। किच्छा कोतवाली भ्रष्ट हो चुकी है। इसके खिलाफ लड़ाई लड़ी जाएगी। पुतला फूंकने वालों में कांग्रेस कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन्द्र पाल सिंह, सरवरयार खान, दर्शन कोली, राजेश प्रताप सिंह, सुनीता कश्यप, ओमप्रकाश दुआ, अशोक मित्रा, एनयू खान, विनोद कोरंगा, दलीप बिष्ट, जीवन जोशी, किन्नू शुक्ला, इम्तियाज मलिक, संतोष ठाकुर, धर्मेंद्र सिंधी, सुधा जोशी, गुलशन सिंधी आदि मौजूद रहे।

वहीं ताकुला विकासखंड के बीना गांव में संसाधन पंचायत संगठन की महिलाओं ने पुलिस चौकी ताकुला में किन्नरों द्वारा की जा रही मनमानी वसूली के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। संगठन की बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि बसौली-ताकुला क्षेत्र में किन्नरों की मनमानी से सभी त्रस्त हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शादी-ब्याह, शिशु जन्म और अन्य शुभ अवसरों पर किन्नर बधाई के नाम पर मनमाना नजराना वसूल कर रहे हैं।

## डॉ. प्रमोद को मिला विश्व प्रतिभा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान

**पिथौरागढ़।** सीमांत के साहित्यकार डॉ. प्रमोद कुमार श्रोत्रिय को विश्व प्रतिभा अन्तरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया।

गुरुवार को श्रोत्रिय ने बताया कि नेपाल में कार्यक्रम के दौरान शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउण्डेशन ने उन्हें यह सम्मान दिया। कार्यक्रम में नेपाल, भारत के साथ ही अमेरिका, श्रीलंका, भूटान आदि देशों से आए हिंदी साहित्यकारों ने हिस्सा लिया। उनकी इस उपलब्धि पर सीमांत के साहित्यकारों डॉ. पीतांबर अवस्थी, डॉ. आनंदी जोशी, मंजुला अवस्थी, ललित शौर्य, लक्ष्मी आर्या, डॉ. नीरज चंद्र जोशी, आशा सौन, अनीता जोशी आदि ने खुशी जताई है।

# हर्षिल और केदारकांठा सहित ऊंचे इलाकों में बर्फबारी

**संवाद सहयोगी**

**उत्तरकाशी।** जिले के गंगोत्री, यमुनोत्री धाम और हर्षिल घाटी समेत जनपद के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू हो गई है। जबकि जिला मुख्यालाय सहित नीचले क्षेत्रों में सुबह से ही बारिश का सिलसिला जारी है। इससे समूचे जनपद में एक बार फिर ठंड बढ़ गई है। बारिश के चलते लोगों का जनजीवन भी अस्त व्यस्त हो गया है। जिले में गत गुरुवार सुबह ही मौसम ने करवट बदल ली और सुबह से ही बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। गंगोत्री, यमुनोत्री धाम समेत मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा, हर्षिल, धराली, बगोरी, झाला, जसपुर, पुराली, सुक्की, दयारा बुग्याल समेत ऊंचाई वाले इलाकों में जमकर बर्फबारी शुरू हो गई। इसके साथ ही यमुनोत्री धाम समेत मां यमुना के शीतकालीन प्रवास खरसाली, जानकीचट्टी, फूलचट्टी सहित मोरी क्षेत्र के सांकरी,केदारकांठा, हरकीदून क्षेत्र में भी बर्फबारी हुई है। दूसरी ओर जिला मुख्यालय उत्तरकाशी, भटवाड़ी, डुंडा, चिन्यालीसौड़, बड़कोट, मोरी सहित अन्य निचले इलाकों में सुबह से ही बारिश का सिलसिला जारी है। इससे समूचे जनपद में कड़ाके की ठंड बढ़ गई है। गंगोत्री धाम के तीर्थ पुरोहित सुरेश सेमवाल ने बताया कि गंगोत्री धाम समेत, मुखबा, हर्षिल व आसपास के क्षेत्र में सुबह से ही बारिश के साथ ही बर्फबारी जारी है। जिससे ऊपरी इलाकों सहित निचले इलाकों में ठंड बढ़ गई है।

वहीं पौड़ी में गुरुवार को भी मौसम का मिजाज बदला रहा। बदले मौसम के मिजाज से एक बार फिर ठंड बढ़ गई है। वहीं, बारिश से दिनभर आमजनजीवन भी अस्त-व्यस्त रहा। गुरुवार को सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला रहा। दिनभर रुक-रुक कर हल्की बारिश होती रही। दिनभर होती रही बारिश से आमजनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। बारिश से अधिकांश बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। बारिश से एक बार फिर ठंड बढ़ गई है।



# नाटक मंचन के जरिए छात्र-छात्राओं को पढ़ा रहे मानवता का पाठ

**संवाद सहयोगी**

**पिथौरागढ़।** सीमांत में भाव राग ताल नाट्य अकादमी के सदस्य अपने अभिनय से स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राओं को मानवता का पाठ पढ़ा रहे हैं। गुरुवार को अकादमी के निदेशक कैलाश कुमार ने बताया कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से उनकी टीम शिक्षण संस्थानों में नाटक का मंचन कर रही है। अब तक लक्ष्मण सिंह महर कैंपस, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानस कॉलेज ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमें, पिथौरागढ़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में नाटक का मंचन किया गया। इस दौरान मुंशी प्रेमचंद की कहानी मंत्र पर आधारित एक लघु नाट्य का मंचन के जरिए छात्र-छात्राओं को मानवता की भावना को जागृत करने और उन्हें रंगमंच से जोड़ने की कोशिश की गई। कैलाश का मानना है कि रंगमंच एक शक्तिशाली माध्यम है जिसके माध्यम से युवाओं में मानवता, सद्भावना और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा दिया जा सकता है। कहा कि मंत्र प्रेमचंद की एक प्रसिद्ध कहानी है जो एक डॉक्टर और एक गरीब सांप नचाने वाले के बीच की मानवीय संवेदनाओं को दर्शाती है। अकादमी की प्रीति रावत ने इस नाटक का निर्देशन किया। नाटक में मुकेश कुमार, सपना, तनुजा गोस्वामी, अभिषेक पटेल, प्रीति रावत, राजेश सामंत, दीपक मण्डल ने प्रतिभाग किया।

# पुलिस ने लूट के दो आरोपियों को 24 घंटे में दबोचा

**संवाद सहयोगी**

**चम्पावत।** पुलिस ने क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को 24 घंटे के भीतर दबोचा है। दोनों आरोपियों ने बीते बुधवार को एक मजदूर से मोबाइल और 500 रुपये लूट लिए थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कासगंज यूपी निवासी मजदूर सर्वेश कश्यप खनन क्षेत्र में मजदूरी करता है। सर्वेश के मुताबिक वे बीते 26 फरवरी को सालवनी के जंगल से टनकपुर की ओर आ रहा था। इसी दौरान बंगाली कॉलोनी के पास पहले से खड़े दो युवकों ने उसे डरा धमका कर मोबाइल और 500 रुपये लूट लिए। शोर मचाने पर दोनों युवक सालवनी के जंगल में भाग गए। सर्वेश ने दोनों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। प्रभारी निरीक्षक एसएस कोरंगा ने बताया कि गुरुवार को पुलिस ने लूट के आरोपी मोहम्मद इरफान और रिजवान उर्फ आका निवासी मनिहारगोठ को रेलवे पटनी के पास से हिरासत में लिया। दोनों से लूट गया मोबाइल और रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस टीम में एसआई पूरन सिंह, हेड कांस्टेबल कमल कुमार, विनोद यादव और कांस्टेबल नासिर आदि शामिल रहे।

वहीं दूसरी ओर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री महेंद्र लुंठी ने केएमवीएन की ओर से दिए जाने वाले रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण पर सवाल उठाए हैं। गुरुवार को लुंठी ने बयान जारी कर कहा कि रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण के नाम पर करोड़ों रुपय की बंटरबाट हो रही है। कहा कि जिन युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाता है, उनमें से अभी तक एक को भी रोजगार नहीं मिला है। कहा कि प्रतिवर्ष 100 के करीब युवा प्रशिक्षण लेते हैं, लेकिन वह घर पर ही बैठे हैं। उनका कहना है कि प्रशिक्षण के नाम पर हो रहे बंदरबाट की जांच होनी चाहिए। उन्होंने जिले से प्रदेश सरकार के मंत्री तक के इस लूट में शामिल होने की संभावना जताई है।

# थराली में वन विभाग के खिलाफ की नारेबाजी

**संवाद सहयोगी**

**चमोली।** देवाल और थराली के सैकड़ों परिवारों को वन विभाग द्वारा वन भूमि से अविलम्ब भूमि खाली करने के नोटिस के खिलाफ थराली में गुरुवार को भी किसान सभा के बैनर तले लोगों का धरना जारी है। प्रभावित नोटिस वापस लिए जाने और आबादकारों की काबिज भूमि का नियमितीकरण किए जाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भी भेजा। गुरुवार को धरने में ग्रामीणों ने कहा कि चमोली के विकासखंड देवाल और थराली के पूर्णा, बेराधार, त्रिकोट, बमोटिया, देवसारी, सवाड़, मानमती, तोरती, हरमल सहित अन्य गांवों के सैकड़ों परिवारों में अपने भावी जीवन को लेकर भारी अनिश्चितता है। ग्रामीणों ने कहा कि वो चार-चार पीढ़ियों से वन भूमि में बसे भूमिहीन परिवारों को वन भूमि खाली करने के नोटिस दिए जा रहे हैं, जो जनविरोधी और बहुत ही अन्यायपूर्ण है। ज्ञापन में सरकार से तुरंत नोटिस वापस ली जाने की मांग की गई है । मांगे ना माने जाने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी गई है। धरने में ललित, परधुमन सिंह, भूपाल सिंह, गोविंद सिंह, गोविंदी देवी, कमलेश राम, मोहन राम, जगदीश राम, सहित अन्य लोग बैठे रहे।

सम्पादकीय

परम नागरिक

शुक्रवार, 28 फरवरी, 2025

# मित्रता की नई शुरूआत

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद वैश्विक स्तर पर नई शक्ति समीकरण बन रहे हैं। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अमेरिका और रूस के राजनीतिकों के बीच हुई वार्ता दो पूर्व शत्रु देश के दरम्यान मित्रता की नई शुरु आत के संकेत हैं। 2022 में रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद पहली बार अमेरिका और रूस वार्ता की मेज पर आमने-सामने आए हैं। रूस के विदेश मंत्री सग्रेई लावरोव और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियों ने अपने-अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। वार्ता मुख्यतः दो बिंदुओं पर केंद्रित थी। एक, रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्ति की दिशा में आगे कैसे बढ़ा जाए और दूसरे, अमेरिका और उसके बीच आर्थिक सहयोग के रास्ते तलाश जाएं। वार्ता में किसी तरह का प्रतिरोध पैदा नहीं हुआ और दोनों मुद्धों पर परस्पर सहमति के साथ आगे बढने का संकेत भी मिला। आने वाले दिनों में अमेरिका और रूस के शीर्ष नेतृत्व के बीच मुलाकात की संभावना जताई जा रही है। राष्ट्रपति ट्रंप का रूस के संबंध में उठाया गया यह कदम अमेरिका की पुरानी नीति से एकदम अलग है। ट्रंप के पूर्ववर्ती बाइडन प्रशासन का रणनीतिक लक्ष्य था कि रूस को सैनिक दृष्टि से कमजोर किया जाए। यह याद रखना चाहिए कि बाइडेन ने पुतिन को हत्यारा तानाशाह' कहा था और उसके खिलाफ यूक्रेन को भारी सैन्य और वित्तीय मदद पहुंचाई थी। अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। ट्रंप प्रशासन युद्ध के लिए यूक्रेन को दोषी ठहरा रहा है और उसे सुरक्षा गारंटी देने से भी इनकार कर दिया है। हैरत की बात यह है कि यूक्रेन को वार्ता की मेज पर बैठने की भी जगह नहीं दी गई है। वास्तव में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की खुलकर ट्रंप का विरोध करने की स्थिति में नहीं है। हालांकि वह पर्दे के पीछे अमेरिका के खिलाफ यूरोपीय देशों की लामबंदी का प्रयास कर रहे हैं। अमेरिका के दबाव में यदि युद्ध विराम होता है तो यूक्रेन का करीब एक तिहाई हिस्सा रूस के अधिकार में होगा। यह यूक्रेन के लिए घाटे का सौदा होगा। दरअसल, ट्रंप रूस के साथ अस्थाई रिश्ता बनाना चाहते हैं। सोवियत संघ के विघटन के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई है। ट्रंप रूस को प्रतिद्वंद्वी के रूप में नहीं देखते। लेकिन अमेरिकी राजनीतिक हेनरी किसिंजर का यह चर्चित कथन था कि अमेरिका के साथ दुश्मनी करना खतरनाक है, लेकिन दोस्ती करना जानलेवा है'। क्या पुतिन इस कथन को नजरअंदाज कर सकते हैं?

# कितनी उचित है गंगाजल पर बयान बाजी

**रमेश सर्राफ**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। विद्वान पंडितों का कहना है कि 144 वर्षों के बाद इस बार का महाकुंभ विशेष योग में संपन्न हो रहा है। ऐसे में यहां स्नान करने का सर्वाधिक महत्व है। मकर संक्रांति से प्रारंभ होकर महाशिवरात्रि तक चलने वाला महाकुंभ अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान कर लिया है। समापन तक यह संख्या करीबन 65 करोड़ पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है।

इस बार महाकुंभ में जितने लोगों ने स्नान किया है वह दुनिया के एक-दो देशों को छोड़कर अधिकांश देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक होती है। भारत के ही नहीं अपितु विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान कर पूजा अर्चना की है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, सांसद, विधायक सहित देश के आम लोगों के मन में कुंभ स्नान के प्रति जो श्रद्धा देखी जा रही है। वैसी श्रद्धा इससे पहले शायद ही देखी गई होगी।

हालांकि मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ के संगम तट पर भगदड़ मचने से करीबन 37 लोगों की भीड़ में दबकर मौत हो गई थी। इसी तरह कुंभ आने के लिए नई दिल्ली स्टेशन पर एकत्रित भीड़ में भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण थी जिसमें प्रशासनिक लापरवाही का भी बहुत बड़ा हाथ माना जा रहा है। हालांकि दोनों ही घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच हो रही है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही असली दोषियों का पता चल सकेगा।

शांतिपूर्वक संपन्न हो रहे कुंभ में ऐसी दो दुर्घटनाएं होने के बाद भी कुंभ स्नान करने वालों की संख्या में कमी नहीं हुई बल्कि दिन प्रतिदिन यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। वर्तमान में हर दिन सवा करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में गंगा स्नान कर रहे हैं। आने वाली महाशिवरात्रि पर यह संख्या कई गुना अधिक होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। जिसको लेकर बड़े स्तर पर प्रशासनिक तैयारियां की जा रही है। ताकि महाकुंभ में किसी तरह की दुर्घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं प्रयागराज आकर महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान की तैयारी का जायजा ले चुके हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी चौकसी बरतने के निर्देश दिए हैं।

जहां एक तरफ महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं इस बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा-यमुना का पानी नहाने के योग्य नहीं है। सीपीसीबी ने इस रिपोर्ट को तीन फरवरी को तैयार किया था। रिपोर्ट को तैयार करने के लिए सीपीसीबी ने नौ से 21 जनवरी के बीच प्रयागराज में अलग-अलग जगह पर गंगा-यमुना के 73 सैंपल जमा किए। इन सैंपलों की छह मानकों पानी का पीएच वैल्यू, फीकल कोलीफॉर्म, बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड, केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और डिजॉल्वड ऑक्सीजन पर जांच की गयी। जितने भी जगहों से सैंपल लिए गए हैं उनमें ज्यादातर में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा मानक से अधिक पाई गई है। बाकी के पांच मानकों पर पानी की गुणवत्ता मानक के मुताबिक मिली। सीपीसीबी की वेबसाइट पर दिए आंकड़ों के मुताबिक 29 जनवरी को संगम पर गंगा में फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा 2300 पाई गई थी। 29 जनवरी को ही मौनी अमावस्या का पर्व था। इसे महाकुंभ में सबसे बड़ा अमृत स्नान माना गया है। उस दिन गंगा-यमुना में कई करोड़ लोगों ने डबकी लगाई थी।

महाकुंभ में गंगा के जल की शुद्धता को लेकर लगातार सवालो के बीच देश के जाने-माने वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ. अजय सोनकर ने गंगा के जल को सिर्फ स्नान योग्य ही नहीं बल्कि अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया है। संगम, अरैल समेत पांच घाटों के गंगाजल की लैब में जांच के बाद उन्होंने यह दावा किया है। उनका कहना है कि महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु के गंगा में स्नान के बाद भी इसकी शुद्धता पर कोई असर नहीं पड़ा है। मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के साथ वैज्ञानिक विमर्श करने वाले डॉ. अजय कुमार सोनकर ने कहा कि उन्होंने अपनी नैनी स्थित प्रयोगशाला में गंगा के जल की जांच की। गंगाजल की शुद्धता पर सवाल उठाने वालों को प्रयोगाशाला में जांच की चुनौती भी दी। कहा है कि जिसे जरा भी संदेह हो वह मेरे सामने गंगा जल ले और हमारी प्रयोगशाला में जांच कर संतुष्ट हो जाए।

शीर्ष भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सोनकर ने कहा है कि गंगाजल सबसे शुद्ध है। यहां नहाने से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हो सकता है। बैक्टीरियोफेज (बैक्टीरिया खाने वाला) के कारण गंगा जल की शुद्धता बरकरार है। प्रयोगशाला में जल के नमूनों को 14 घंटों तक इंक्यूबेशन तापमान पर रखने के बाद भी उनमें किसी भी प्रकार की हानिकारक बैक्टीरिया की वृद्धि नहीं हुई। डॉ. अजय सोनकर ने कहा कि गंगा का जल न केवल स्नान के लिए सुरक्षित है। बल्कि इसके संपर्क में आने से त्वचा संबंधी रोग भी नहीं होते हैं।

डॉ. अजय कुमार सोनकर ने बताया कि पांच घाटों से गंगा जल के नमूने लिए और लैब में सूक्ष्म परीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान के बावजूद जल में न तो बैक्टीरियल ग्रोथ हुई न ही जल के पीएच स्तर में कोई गिरावट आई। इस शोध में पाया कि गंगा जल में 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं। जो किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं। इस वजह से जल दूषित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि गंगा जल की अम्लीयता (पीएच) सामान्य से बेहतर है और उसमें किसी भी प्रकार की दुर्गंध या जीवाणु वृद्धि नहीं पाई गई। गंगाजल के सैंपल का पीएच स्तर भी 8.4 से लेकर 8.6 तक पाया गया। जो काफी बेहतर माना गया है।

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 3 फरवरी को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक रिपोर्ट देकर बताया कि प्रयागराज संगम का पानी नहाने के लिए उपयुक्त नहीं है। इसके बाद यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 18 फरवरी को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक नई रिपोर्ट देकर सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट को झुठला दिया है। इस रिपोर्ट में बताया है कि नाले का पानी प्रयागराज की गंगा-यमुना नदी में सीधे तौर पर नहीं गिर रहा। कुल छह पॉइंट पर पानी नहाने लायक है। सिर्फ शास्त्री ब्रिज के नीचे पानी की गुणवत्ता थोड़ी बहुत सही नहीं है और इसके जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की जा रही है।

हालांकि एनजीटी ने इस नई रिपोर्ट पर असंतोष जताया है। कहा कि अगर सेंट्रल की रिपोर्ट गलत है तो यूपी वाले एक्शन लें। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से गंगा-यमुना के पानी की गुणवत्ता पर एक हफ्ते में नई विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस पर अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी।

दरअसल ये पूरा मामला उन 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है। जो महाकुंभ में संगम स्नान करने प्रयागराज आए हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के श्रद्धालुओं पर संभावित असर को देखते हुए ही यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने नई रिपोर्ट बनाकर इसका जवाब दिया है।

गंगााजल की शुद्धता को लेकर राज्य और केंद्रीय पॉल्यूशन बोर्ड में जो खींचतान मची हुयी है उसका असर कुम्भ स्नान के लिये आने वाले लोगों पर नहीं देखा जा रहा है। आनेवालों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। लोगों की आस्था में कहीं कोई कमी नही देखी जा रही है। प्रयागराज के महाकुम्भ में करोड़ो लोगो ने स्नान किया है मगर किसी कोई दिक्कत होने की खबर नहीं मिली है। ऐसे में गंगाजल की शुद्धता को लेकर विवाद करने से अच्छा है जनभावनाओं का सम्मान करें।

# आप को विपक्ष में रहना सीखना होगा

**विवेक शुक्ला**

आम आदमी पार्टी अपने जन्म के बाद से पहली बार विपक्ष की भमिका में नजर आयेगी। दिल्ली में आप की सरकार अरविंद केजरीवाल और फिर कुछ महीने तक आतिशी की सदारत में चली। हालिया दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप को दिल्ली की जनता ने नकार दिया। ऐसे में, उसे विपक्ष में बैठना होगा। आप की पंजाब में भी सरकार है। अब आप को सीखना होगा कि विपक्ष में रहकर किस तरह काम किया जाता है। सरकार चलाना जितना अहम है, विपक्ष में रहकर काम करना उससे कम अहम नहीं।

आप के नेताओं का चरित्र अराजकता से भरा है। ये अपनी नयी इबारत गढ़ने की कोशिशें करते हैं। इन्हें समझना होगा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में विपक्ष की भूमिका कई तरह से महत्वपूर्ण होती है। विपक्ष सरकार की नीतियों और कार्यों का आलोचनात्मक मूल्यांकन करता है, कमियां उजागर करता है और बेहतर विकल्प सुझाता है। इसके साथ ही विपक्ष जनता के मुद्दों, शिकायतों और आकांक्षाओं को सरकार के सामने रखता है, ताकि सरकार उन पर ध्यान दे और उचित कदम उठाये। अरविंद केजरीवाल और आप के बाकी शिखर नेताओं को दिल्ली के 22 विजयी विधायकों को समझाना होगा कि विपक्ष में रहते हुए वे सरकार के काम पर नजर रखें और जरूरत पड़ने पर सरकार को जनता के हित में नीतियां बनाने के सुझाव दें। दिल्ली विधानसभा का सत्र कुछ समय बाद शुरू होगा।

तब आप के विधायकों पर दिल्ली और देश की निगाहें रहेंगी कि वे किस तरह सदन में महत्वपूर्ण मुद्दों पर बहस में भाग लेते हैं, जिससे नीतियों और कानूनों को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। आप के विधायकों को समझना होगा कि चुनाव हो चुके हैं और सरकार भाजपा की बन रही है। अब उन्हें जिम्मेदार विपक्ष के रूप में काम करना होगा। विपक्ष सरकार के सामने एक वैकल्पिक दृष्टिकोण और नीतियां प्रदान करता है, जिससे लोगों को चुनाव के समय बेहतर विकल्प चुनने में मदद मिलती है। आप की सरकार ने 10 साल के अपने दो कार्यकालों में विपक्षी सदस्यों को कभी उनके अधिकार कायदे से नहीं दिये। यह हालत तब थी, जब 2014 में दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के सिर्फ तीन विधायक थे और 2019 में मात्र आठ। दिल्ली विधानसभा में गुजरे दौर में मीर मुश्ताक अहमद, जग प्रवेश चंद्र, राम वीर सिंह विधूड़ी, विजेंद्र गुप्ता जैसे विपक्षी नेताओं ने शानदार काम किया है। ये सरकार के साथ तालमेल बिठाकर रखते थे। जग प्रवेश चंद्र कहते थे कि एक मजबूत और सक्रिय विपक्ष लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, क्योंकि यह सरकार को जवाबदेह बनाता है और जनता के हितों की रक्षा करता है। वह कांग्रेस के दिग्गज नेता थे।

विपक्ष सरकार की नीतियों और कार्यों का विश्लेषण करता है, उनकी कमियां उजागर करता है, और जनता को उनके संभावित नकारात्मक प्रभावों के बारे में सूचित करता है। हमने देखा है कि दिल्ली विधानसभा में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और कई दूसरे नेता प्रधानमंत्री पर अनाप-शनाप टिप्पणियां करते थे। देश में वैकल्पिक राजनीति की शुरुआत करने वाले केजरीवाल ने दिल्ली वालों को अपनी हरकतों से लगातार निराश किया। दिल्ली की सियासत में अराजकता लाने का श्रेय आप को ही जाता है। किसी ने सोचा नहीं था कि केजरीवाल और उनके साथी इतने अहंकारी हो जायेंगे। लोकतंत्र में किसी नेता का अहंकारी होना स्वीकार नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र में नेताओं को जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए और उनकी जरूरतें पूरी करने का प्रयास करना चाहिए। अहंकारी नेता तो अक्सर जनता की राय को नजरअंदाज करते हैं, जिससे लोकतंत्र कमजोर होता है। अफसोस कि आप के कुछ नेताओं में अहंकार की भावना आ गयी थी। उन्हें लगने लगा था कि वे विशेष और दूसरों से बेहतर हैं। केजरीवाल बार-बार कहने लगे थे कि मोदी जी समझ लें कि वे इस जन्म में तो आप को हरा नहीं सकते।

आप के साथ एक दिक्कत यह भी हुई कि वहां सब कुछ केजरीवाल के इर्द-गिर्द ही चलता रहा। आप के भीतर लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं है। वह अपनी आलोचना नहीं सुनते थे। आप की राजनीति में अराजकता तो शुरू से ही देखी जा रही थी। हद तो तब हो गयी, जब दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव अंशु प्रकाश की मुख्यमंत्री ने अपने निजी सहायक द्वारा सरकारी आवास बुलाकर गुंडे किस्म के हिस्ट्रीशीटर विधायकों द्वारा लात-घूंसों से पिटाई करवा दी। ऐसा शर्मनाक वाकया पहले कभी नहीं सुना कि किसी मुख्यमंत्री के आवास पर किसी वरिष्ठ आइएएस अफसर को बुला कर पिटवाया गया हो। पूरे देश में आप की छवि नकारात्मक राजनीति करने वाली पार्टी के रूप में बनी। केजरीवाल ने भारतीय सेना द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक तक पर सवालिया निशान खड़े किये। वे भूल गये कि देश अपने शूरवीरों को लेकर सियासत नहीं करता। उन्होंने बटला कांड को फेक एनकाउंटर कहा। इस बार दिल्ली की जनता ने उन्हें जमीन पर लाकर खड़ा कर दिया। केजरीवाल और उनके कई करीबी साथियों को हरा दिया। लंबा सत्ता सुख भोगने के बाद अब उन्हें सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी होगी।

# महाकुंभ : सम्पन्न हुआ एकता का महायज्ञ

**नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**





फाइल फोटो

महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चौतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा।

22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे, और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी।

तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वो प्रेरणा देता है।

बीते 45 दिन, प्रतिदिन, मैंने देखा, कैसे देश के कोने-कोने से लाखों-लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं। संगम पर स्नान की भावनाओं का ज्वार, लगातार बढ़ता ही रहा। हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था- संगम में स्नान। मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी।

प्रयागराज में हुआ महाकुंभ का ये आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है।

पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े...और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए।

मैं वो तस्वीरें भूल नहीं सकता. ..स्नान के बाद असीम आनंद और संतोष से भरे वो चेहरे नहीं भूल सकता। महिलाएं हों, बुजुर्ग हों, हमारे दिव्यांग जन हों, जिससे जो बन पड़ा, वो साधन करके संगम तक पहुंचा।

और मेरे लिए ये देखना बहुत ही सुखद रहा कि बहुत बड़ी संख्या में भारत की आज की युवा पीढ़ी प्रयागराज पहुंची। भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। इससे ये विश्वास दृढ़ होता है कि भारत की युवा पीढ़ी हमारे संस्कार और संस्कृति की वाहक है और इसे आगे ले जाने का दायित्व समझती है और इसे लेकर संकल्पित भी है, समर्पित भी है।

इस महाकुंभ में प्रयागराज पहुंचने वालों की संख्या ने निश्चित तौर पर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। लेकिन इस महाकुंभ में हमने ये भी देखा कि जो प्रयाग नहीं पहुंच पाए, वो भी इस आयोजन से भाव-विभोर होकर जुड़े। कुंभ से लौटते हुए जो लोग त्रिवेणी तीर्थ अपने साथ लेकर गए, उस जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ स्नान जैसा ही पुण्य दिया। कितने ही लोगों का कुंभ से वापसी के बाद गांव-गांव में जो सत्कार हुआ, जिस तरह पूरे समाज ने उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाया, वो अविस्मरणीय है।

ये कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो आने वाली कई-कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है।

प्रयागराज में जितनी कल्पना की गई थी, उससे कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे। इसकी एक वजह ये भी थी कि प्रशासन ने भी पुराने कुंभ के अनुभवों को देखते हुए ही अंदाजा लगाया था। लेकिन अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया, डुबकी लगाई।

आध्यात्मिक क्षेत्र में रिसर्च करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मैं मानता हूं, ये युग परिवर्तन की वो आहट है, जो भारत का नया भविष्य लिखने जा रही है।

महाकुंभ की इस परंपरा से, हजारों वर्षों से भारत की राष्ट्रीय चेतना को बल मिलता रहा है। हर पूर्णकुंभ में समाज की उस समय की परिस्थितियों पर ऋषियों-मुनियों, विद्वत् जनों द्वारा 45 दिनों तक मंथन होता था। इस मंथन में देश को, समाज को नए दिशा-निर्देश मिलते थे।

इसके बाद हर 6 वर्ष में अर्धकुंभ में परिस्थितियों और दिशा-निर्देशों की समीक्षा होती थी। 12 पूर्णकुंभ होते-होते, यानि 144 साल के अंतराल पर जो दिशा-निर्देश, जो परंपराएं पुरानी पड़ चुकी होती थीं, उन्हें त्याग दिया जाता था, आधुनिकता को स्वीकार किया जाता था और युगानुकूल परिवर्तन करके नए सिरे से नई परंपराओं को गढ़ा जाता था।

144 वर्षों के बाद होने वाले महाकुंभ में ऋषियों-मुनियों द्वारा, उस समय-काल और परिस्थितियों को देखते हुए नए संदेश भी दिए जाते थे। अब इस बार 144 वर्षों के बाद पड़े इस तरह के पूर्ण महाकुंभ ने भी हमें भारत की विकासयात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है। ये संदेश है- विकसित भारत का।

जिस तरह एकता के महाकुंभ में हर श्रद्धालु, चाहे वो गरीब हों या संपन्न हों, बाल हो या वृद्ध हो, देश से आया हो या विदेश से आया हो, गांव का हो या शहर का हो, पूर्व से हो या पश्चिम से हो, उत्तर से हो दक्षिण से हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी विचारधारा का हो, सब एक महायज्ञ के लिए एकता के महाकुंभ में एक हो गए। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का ये चिर स्मरणीय दृश्य, करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास के साक्षात्कार का महापर्व बन गया। अब इसी तरह हमें एक होकर विकसित भारत के महायज्ञ के लिए जुट जाना है।

आज मुझे वो प्रसंग भी याद आ रहा है जब बालक रूप में श्रीकृष्ण ने माता यशोदा को अपने मुख में ब्रह्मांड के दर्शन कराए थे। वैसे ही इस महाकुंभ में भारतवासियों ने और विश्व ने भारत के सामर्थ्य के विराट स्वरूप के दर्शन किए हैं। हमें अब इसी आत्मविश्वास से एक निष्ठ होकर, विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आगे बढ़ना है।

शेष अगले अंक में जारी...

# जिद्दी गर्ल्स का ट्रेलर रिलीज, रोमांस और ड्रामा से भरी है फिल्म की कहानी




भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन डेस्टिनेशन, प्राइम वीडियो, ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित ओरिजिनल सीरीज जिद्दी गर्ल्स का रोमांचक ट्रेलर रिलीज किया. यह सीरीज युवाओं की दुनिया का बेहतरीन संगम है, जिसमें बीते दौर की मधुर यादों और आज के दौर की ताजगी का खूबसूरत मेल है. प्रीतिश नंदी कम्युनिकेशंस लिमिटेड के बैनर तले बनी इस सीरीज के निर्माता प्रीतिश नंदी हैं, जबकि इसे रंगिता प्रीतिश नंदी और इशिता प्रीतिश नंदी ने क्रिएट किया है. निर्देशन की कमान शोनाली बोस ने संभाली है, और इसे वसंत नाथ व नेहा वीणा शर्मा ने लिखा और निर्देशित किया है. कॉलेज लाइफ की मस्ती, चुनौतियों और भावनात्मक उतार-चढ़ाव को पर्दे पर जीवंत करने के लिए इस शो में प्रतिभाशाली नए कलाकारों अतिया तारा नायक, उमंग भदाना, जैना अली, दिया दामिनी और अनुप्रिया करौली को शामिल किया गया है.

इनके साथ ही मशहूर कलाकार सिमरन, नंदिता दास, नंदीश सिंह संधू, लिलेट दुबे और रेवती भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. आठ-एपिसोड की यह ओरिजिनल सीरीज भारत में प्राइम वीडियो पर और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 27 फरवरी को हिंदी में अंग्रेजी उपशीर्षक के साथ प्रीमियर के लिए तैयार है. जिद्दी गर्ल्स का ट्रेलर दर्शकों को सीधे मैटिल्डा हाउस कॉलेज (जिसे एमएच भी कहा जाता है) की दुनिया में ले जाता है, जहां परंपराओं की गहरी जड़ें हैं, लेकिन बदलाव भी अनिवार्य है. एक नई, बेखौफ पीढ़ी यहां कदम रखती है, जो सत्ता को चुनौती देने, बाधाओं को तोडने और अपने भविष्य के लिए लडने के लिए तैयार है.

जैसे-जैसे महत्वाकांक्षाएं विरोध से टकराती हैं, तनाव बढ़ता है और पूरा कैंपस विचारधाराओं के संघर्ष का अखाड़ा बन जाता है, लेकिन इस उथल-पुथल के बीच हंसी के पल भी हैं, दिल छू लेने वाले रिश्ते हैं, और ऐसे दोस्त हैं जो हर मुश्किल में साथ खड़े रहते हैं, क्या ये 'जिद्दी' (निडर) लड़कियां एकजुट होकर अपनी आवाज को बुलंद कर पाएंगी और पुराने नियमों को तोडकर नियमों को पुन: लिखेंगी?

निर्देशक शोनाली बोस ने कहा, जिद्दी गर्ल्स सिर्फ एक और कॉलेज ड्रामा नहीं है. यह आज के दौर की युवा महिलाओं के जीवन की एक सच्ची, बिना किसी बनावट की झलक है. हर किरदार को बहुत बारीकी से गढ़ा गया है, उनकी यात्राएं इतनी गहरी और जटिल हैं कि वे हमें किसी न किसी रूप में जाने-पहचाने या अपने जैसे लगते हैं. इन लड़कियों का सफर दोस्तियों, महत्वाकांक्षाओं और निजी संघर्षों से गुजरते हुए एकदम वास्तविक और सार्वभौमिक लगता है और इन कहानियों को जीवंत करने के लिए जो कलाकार साथ आए हैं, उनकी अदाकारी इतनी दमदार है कि हर जीत, हर हार, और हर विद्रोह दर्शकों को असली महसूस होगा. हम इस कहानी को दर्शकों के साथ साझा करने के लिए उत्साहित हैं और हमें पूरा यकीन है कि जब यह प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी, तो लोग इससे जुड़ेंगे. यह वही मंच है, जो हमारी तरह ऐसी कहानियों को दिखाने में विश्वास करता है, जो सिर्फ मनोरंजक ही नहीं, बल्कि सार्थक भी हों.

लेखक और निर्देशक, नेहा वीणा शर्मा और वसंत नाथ ने कहा, लेखक और निर्देशक के रूप में, हमने गहन शोध किया और अपने स्वयं के कॉलेज अनुभवों में गहराई से उतरकर जिघ्दी गर्ल्स को प्रामाणिक, प्रासंगिक और गहराई से जुड़ाव महसूस कराने का प्रयास किया. कॉलेज वह स्थान है जहां हमारी पहचान बनती है – एक ऐसी दुनिया जो संभावनाओं से भरी होती है: दोस्ती गहरी होती है, सपने बड़े होते हैं, और प्रभाव शक्तिशाली होते हैं, जिघ्दी गर्ल्स के प्रत्येक किरदार में अपनी अलग चमक और जुनून है, जो इस सीरीज को दिल, हास्य और विद्रोही भावना का एक रोमांचक मिश्रण बनाता है.

एक शानदार कलाकारों की टीम अनुभवी और नए दोनों के साथ काम करना अद्भुत रहा, क्योंकि उन्होंने इन किरदारों को ऐसे जीवंत किया है, जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी. शोनाली के सहयोग ने कहानी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया. इशिता और रंगिता के साथ मिलकर इस शानदार शो को बनाना अविश्वसनीय रहा, और हम इसके लिए प्राइम वीडियो के बेहद आभारी हैं, जिन्होंने हर कदम पर हमारा साथ दिया. हम दर्शकों के इस ऊर्जावान और विचारोत्तेजक दुनिया में खो जाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जब यह सीरीज 27 फरवरी को दुनियाभर में प्रीमियर होगी.

### बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड मास एक्शन फिल्म में इंटेंस लुक में दिखे भाईजान

# सिकंदर से सलमान खान का नया पोस्टर आउट




बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की मोस्ट अवेटेड मास एक्शन फिल्म सिकंदर के प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला का बर्थडे है. इस बाबत सलमान ने साजिद नाडियाडवाला को बीती रात को जन्मदिन विश कर दिया. सलमान ने साजिद को बर्थडे विश कर फिल्म सिकंदर के सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है. इस तस्वीर में सलमान खान सिकंदर लुक में दिख रहे हैं और साथ में साजिद नाडियाडवाला भी नजर आ रहे हैं. बता दें, सलमान और साजिद अपने फैंस को सिकंदर से बड़ा सरप्राइज देने का वादा किया था, जो पूरा कर दिया है. फिल्म सिकंदर से सलमान खान का नया पोस्टर रिलीज हो गया है.

पहले आपको बता दें कि सलमान खान ने साजिद खान को बर्थडे विश करते हुए लिखा है, हैप्पी बर्थढे ग्रैंडसन, आज 3.33 बजे पोस्टर रिवील करने जा रहे हैं. बता दें, बीती 27 दिसंबर को सलमान खान के बर्थडे के मौके पर फिल्म सिकंदर का टीजर जारी किया गया था, जिसमें सलमान खान का डेयरिंग अंदाज देखा गया था. आज फिल्म सिकंदर से सलमान खान का नया लुक पोस्टर रिलीज किया गया है. अब सलमान खान के फैंस के लिए यह नया पोस्टर किसी बिग सेलिब्रेशन से कम नहीं है. बता दें, सलमान और साजिद की जोड़ी ने बॉलीवुड को एक से एक हिट फिल्में दी हैं.

बता दें, सलमान खान, रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल स्टारर फिल्म सिकंदर को आमिर खान के साथ फिल्म गजनी बना चुके डायरेक्टर एआर मुरुगदास डायरेक्ट कर रहे हैं. फिल्म ईद 2025 (मार्च के अंत) के मौके पर रिलीज होने जा रही है. सिकंदर एक मास एक्शन फिल्म बताई जा रही है, जिसमें सलमान खान का नेवर सीन अवतार देखने को मिलेगा. सलमान खान के फैंस को फिल्म सिकंदर का बेसब्री से इंतजार है और सलमान भी अपने फैंस के लिए ईदी की तैयारी में लगे हुए हैं. सिकंदर की खास बात यह भी है कि रश्मिका मंदाना पहली बार सलमान खान के साथ काम करने जा रही हैं.

# बाबा निराला बनकर लौट रहे बॉबी देओल

हिट वेब सीरीज आश्रम ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस सीरीज ने बॉबी देओल को नई पहचान दिलाई। उन्होंने तीन सीजन के जरिए फैंस का मनोरंजन किया, जिसके बाद फैंस इसके अगले भाग का इंतजार कर रहे थे। हाल ही में निर्माताओं ने आश्रम 3 के दूसरे भाग का एलान किया था। वहीं, अब निर्माताओं ने इस सीजन के तीसरे सीजन के दूसरे भाग का दमदार टीजर जारी कर दिया है। आश्रम 3 पार्ट 2 के टीजर में एक बार फिर बॉबी देओल का बाबा निराला वाला अंदाज देखने को मिल रहा है, जो बेहद चालाकी भरा है। हालांकि, टीजर को देखकर कहा जा सकता है कि पार्ट 2 में पम्मी का अहम रोल देखने को मिलेगा। बाबा निराला की सत्ता में वापसी, निष्ठावान अनुयायियों का अटूट विश्वास और अंदरूनी साजिशों की गूंज एक बदनाम आश्रम सीजन 3 पार्ट 2 का टीजर हैरान कर देने वाला है। इस बार कहानी और भी ज्यादा सस्पेंस और रोमांच से भरी होगी। टीजर में देखने को मिला कि पम्मी एक बार फिर दमदार अंदाज में लौट आईं हैं। इसके साथ ही बाबा निराला की भी खोई हुई ताकत वापस आ गई हैं और वे पहले से भी ज्यादा खतरनाक हो चुके हैं। साथ ही उनके अंधभक्त भी उनके एक इशारे पर कुछ भी कर गुजरने के लिए तैयार हैं, लेकिन उनके करीबियों के बीच तनातनी भी साफ नजर आ रही है। पुराने राज अब बाहर आने वाले हैं और पुराने गद्दार फिर से बाहर आने की तैयारी में हैं।

# इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहन प्रज्ञा ने दिए सिजलिंग पोज



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने लुक्स को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने बोल्ड और हॉट लुक्स से सोशल मीडिया पर फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। उनका ग्लैमरस लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल जब भी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना हुआ है। जिसमें डीपनेक ब्लाउज और ऊपर से श्रग पहन कर उन्होंने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

गले में नेकलेस, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है। प्रज्ञा जैसवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। वो भले ही इन दिनों फिल्मों में नहीं दिखाई दे रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी फोटोज से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं।

### मेरे हस्बैंड की बीवी का नया गाना सांवरिया जी जारी

# अर्जुन कपूर के लिए दिखी रकुल-भूमि के बीच खींचतान



अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुलप्रीत सिंह स्टारर कॉमेडी ड्रामा 'मेरे हसबैंड की बीवी' का नया गाना 'सांवरिया जी' आउट हो चुका है। 'सांवरिया जी' में रकुल और भूमि के बीच नोकझोंक देखने को मिली।

'गोरी है कलाइयां' और 'इक वारी' के बाद 'सांवरिया जी' भी मजेदार गाना है, जिसमें रकुल और भूमि के बीच नोकझोंक देखने को मिली। गाने में रकुल और भूमि में अर्जुन कपूर को हासिल के लिए आपस में भिड़ती दिखीं। गाने में उनकी नोकझोंक और प्रतिस्पर्धा को खूबसूरती से पेश किया गया है।

'सांवरिया जी' गाने को आवाज सोहेल सेन और वर्षा सिंह धनोआ ने दी है, और बोल मुदस्सर अजीज ने लिखे हैं। ट्रैक में संगीत सोहेल सेन ने दिया है। ट्रैक को प्रतीक लालजी के साथ मिलकर अजीज ने निर्माण भी किया है।

मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' का ट्रेलर हाल ही में निर्माताओं ने जारी किया, जिसमें लव ट्रायंगल नहीं बल्कि सर्कल देखने को मिला।

फिल्म मेकर्स ने ट्रेलर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था, इस सीजन के सबसे बड़े पागलपन के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि ये लव ट्रायंगल नहीं, फुल सर्कल है! 'मेरे हसबैंड की बीवी' का ट्रेलर आउट हो चुका है।

फिल्म में रकुल प्रीत सिंह, भूमि पेडनेकर, अर्जुन कपूर के साथ स्टैंड-अप कॉमेडियन हर्ष गुजराल, आदित्य सील, शक्ति कपूर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

हाल ही में निर्माताओं ने रिलीज की तारीख के साथ फिल्म का पहला मोशन पोस्टर दर्शकों के सामने पेश किया था। 'मेरे हसबैंड की बीवी' लव ट्रायंगल पर आधारित कॉमेडी फिल्म है, जिसके निर्देशक मुदस्सर अजीज हैं और निर्माता वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपशिखा देशमुख हैं। अजीज पति पत्नी और वो, खेल खेल में जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं।

## छत्रपति संभाजी महाराज का क्रेज बरकरार

विक्की कौशल की हिस्टोरिकल ड्रामा छावा बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है, और इसका क्रेज कम होने का नाम नहीं ले रहा है. लक्ष्मण उटेकर की निर्देशित फिल्म ने दुनियाभर में जहां 2 दिनों में 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया है, वहीं, घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फाइटर जैसी फिल्म को पछाड़े हुए पहले वीकेंड में 100 करोड़ से ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म की लिस्ट में शामिल हो गई. फिल्म की असली परीक्षा पहले सोमवार को हुई, जिसमें फिल्म खरी उतरी है. हालांकि, सोमवार 17 फरवरी को छावा की कमाई में गिरावट आई है, लेकिन फिल्म डबल डिजिट में कमाई करने में सफल रही है.

14 फरवरी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना की डिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा छावा ने पहले दिन 33.10 करोड़ रुपये की कमाई. वहीं दूसरे दिन फिल्म ने 39.30 करोड़ रुपये के साथ दर्शकों के दिलों पर छाई रही.

### 5 मजबूर महिलाओं की डब्बा कार्टेल का ट्रेलर रिलीज

# माल तेरा मार्केट मेरी, लंच बॉक्स में ड्रग्स सप्लाई



एक लंचबॉक्स सर्विस के रूप में शुरू होने वाली डब्बा कार्टेल की कहानी जल्द ही क्राइम, धोखे और अस्तित्व के खतरनाक खेल में बदल जाती है. नेटफ्लिक्स के डब्बा कार्टेल का ट्रेलर पांच मिडिल क्लास की महिलाओं के जीवन पर रोशनी डालता है जिसमें उनका टिफिन सर्विस का बिजनेस खतरनाक मोड़ लेता है और उन्हें एक हाई-स्टेक वाले ड्रग कार्टेल की दुनिया में धकेल देता है.

ट्रेलर में मुंबई के ठाणे में 5 महिलाओं का एक ग्रुप टिफिन सर्विस चलाता है. हालांक इसके पीछे एक बड़ा खतरनाक सस्पेंस छुपा हुआ है. क्योंकि ये महिलाएं टिफिन सर्विस की आड़ में ग्राहकों तक ड्रग्स पहुंचा रही हैं. लेकिन जल्द ही इसका खुलासा हो जाता है और ये महिलाएं बड़ी दुविधा में फंस जाती है. जाहिर तौर पर ट्रेलर काफी दिलचस्प है और सीरीज भी एंटरटेनिंग लग रही है.

जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, महिलाएं और उनके पति खुद को कहीं खतरनाक परिस्थिति में उलझा हुआ पाते हैं. शबाना आजमी, गजराज राव, ज्योतिका, निमिषा सजयान, शालिनी पांडे, अंजलि आनंद, सई ताम्हणकर, जिशु सेनगुप्ता, लिलेट दुबे और भूपेंद्र सिंह जादावत जैसे शानदार कलाकारों से सजी सीरीज ठाणे के उस इलाके की झलक दिखाती है जहां सपनों को हर मोड़ पर खतरे का सामना करना पड़ता है.

डब्बा कार्टेल नेटफ्लिक्स पर 28 फरवरी को रिलीज होने के लिए तैयार है. फिल्म को हितेश भाटिया ने डायरेक्ट किया है और इसे फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने प्रोड्यूस किया है.

सीरीज की निर्माता शिबानी अख्तर ने कहा, डब्बा कार्टेल के साथ, हम हाउस वाइफ की यात्रा का पता लगाना चाहते थे. यह दोस्ती, धोखे और पावर की कहानी है. जो एक ऐसी दुनिया की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसका हिस्सा होने की उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी. हम दर्शकों को इस सीरीज के रोमांचकारी एक्सपीरियंस पर ले जाने का इंतजार नहीं कर सकते हैं.

# वीरभद्र मंदिर से पीपलेश्वर महादेव तक बनेगी सड़क



**संवाद सहयोगी**

**ऋषिकेश।** भाजपा वीरभद्र मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक और मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ने वीरभद्र मंदिर से पीपलेश्वर महादेव तक पक्की सड़क बनाने की बात कही।

जानकारी के अनुसार ऋषिकेश में बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में हुई मुलाकात के दौरान मंत्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। यहां छोटे से लेकर बड़े कार्यकर्ताओं का सम्मान होता है। भाजपा में हर कार्यकर्ता स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता है। कहा कि वीरभद्र मंडल में पिछले कार्यकाल में अनेक अभूतपूर्व कार्य किये हैं। कहा कि इस कार्यकाल में भाजपा संगठन को और मजबूत करने का कार्य करेंगे। मंत्री ने वीरभद्र मंदिर से पीपलेश्वर महादेव मंदिर तक सड़क बनाने के साथ ही मंदिर के चारों और पुश्ता बनाकर जीर्णोद्वार करने को भी कहा है। उन्होंने कहा कि पीपलेश्वर महादेव मंदिर तक रास्ता न बना होने के चलते आवागमन में दिक्कतें आती हैं। सड़क बनने के बाद आवागमन सुगम होगा।

वहीं दूसरी ओर इस अवसर पर मंडल प्रतिनिधि बालम सिंह, भाजपा नेत्री पुनीता भंडारी, मनोरमा, पूनम डोभाल, पिंकी धस्माना, महिपाल सिंह, संजय ध्यानी, विवेक चतुर्वेदी, सुमित सेठी आदि उपस्थित रहे।

# मानव सेवा समिति ने स्कूलों को कंप्यूटर दिए

**संवाद सहयोगी**

**कोटद्वार।** सामाजिक संस्था उत्तराखण्ड मानव सेवा समिति ने पौड़ी गढ़वाल व टिहरी जनपद के राजकीय और सरकार द्वारा अनुदानित 27 विद्यालयों में कम्प्यूटर व प्रोजेक्टर वितरित किए गए । लैंसडौन स्थित गढ़वाल रेजिमेंटल सेंटर के सुरजन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्रिगेडियर विनोद नेगी, समिति के अध्यक्ष बी एन शर्मा व जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक रणजीत सिंह नेगी ने किया। ब्रिगेडियर विनोद नेगी ने कहा आज का युग डिजिटल तकनीक का युग है और मानव सेवा समिति द्वारा दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए डिजिटल शैक्षिक उपकरण उपलब्ध कराना एक सराहनीय कार्य है। समिति के अध्यक्ष बी एन शर्मा ने कहा उनका लक्ष्य उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के अधिकतर विद्यालयों में डिजिटल शैक्षिक उपकरण उपलब्ध कराना है। उनकी संस्था उत्तराखण्ड के विभिन्न जिलों में 100 से अधिक विद्यालयों को डिजिटल उपकरणों से लैस कर चुकी है। उन्होंने सुजीत कुमार द्वारा इन उपकरणों हेतु चार लाख रुपये की राशि देने पर समिति की ओर से आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर गणेश पसबोला, डॉ. महावीर बिष्ट, संजय रावत, जयवीर बिष्ट, अजय बिष्ट, मनोज गुसांईं, संदीप रावत, बीरेंद्र गुसांईं, जनार्दन जोशी, मनमोहन रौतेला, मेजर नवल किशोर आदि मौजूद थे।

## नगर पालिकाध्यक्ष ने किया भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज का स्वागत

**ऋषिकेश।** भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा का गुरुवार को नगर पालिका सभागार में स्वागत किया गया। पालिकाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी ने स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती का आह्वान किया। वहीं, पंकज शर्मा ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ और अनुभवी लोगों के साथ मिलकर मंडल को विस्तार दिया जाएगा। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी बोले, संगठन में मजबूत हाथों पर डोईवाला की जिम्मेदारी सौंपी है, जिसका लाभ पार्टी को हर चुनाव में यहां जीत के रूप में प्राप्त होगा। जिला महामंत्री राजेंद्र तड़ियाल ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबके विश्वास के संकल्प चलने वाली पार्टी है।

# एकल सदस्यीय समर्पित आयोग के अध्यक्ष बी.एस वर्मा ने मुख्यमंत्री से भेंट की

**संवाद सहयोगी**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरूवार को एकल सदस्यीय समर्पित आयोग के अध्यक्ष बी.एस वर्मा ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में भेंट की। राज्य के भीतर स्थानीय निकायों में सभी स्तरों पर अन्य पिछड़ा वर्ग के पिछड़ेपन की प्रकृति और उसके निहितार्थों की समसामयिक एवं अनुभवजन्य तरीके से गहन जाँच किये जाने के लिए गठित एकल सदस्यीय समर्पित आयोग के अध्यक्ष बी.एस वर्मा ने ग्रामीण स्थानीय निकायों के सामान्य निर्वाचन के प्रयोजनार्थ अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण / प्रतिनिधित्व दिये जाने के लिए (शेष 12 जनपदों) की तृतीय रिपोर्ट सौंपी। इससे पहले आयोग द्वारा 14 अगस्त 2022 को जनपद हरिद्वार की प्रथम रिपोर्ट सौंपी गई थी। जनपद हरिद्वार की (प्रथम रिपोर्ट) एवं शेष 12 जनपदों की (तृतीय रिपोर्ट) के त्रिस्तरीय पंचायतों में यथा जिला पंचायत अध्यक्षों के कुल 13 स्थान, जिला पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्ड) के कुल 358 स्थान, क्षेत्र पंचायत प्रमुख के कुल 89 स्थान, क्षेत्र पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्ड) के कुल 2974 स्थान, ग्राम पंचायत प्रधानों के कुल 7499 स्थान एवं ग्राम पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्ड) के कुल 55589 स्थानों में अन्य पिछड़ा वर्ग को समुचित प्रतिनिधित्व देने के लिए वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अपनी संस्तुति दी गई है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजानदास, श्रीमती सविता कपूर, बृजभूषण गैरोला, सचिव पंचायती राज चन्द्रेश यादव, निदेशक पंचायती राज निधि यादव, अपर सचिव पंचायती राज पन्ना लाल शुक्ला, सदस्य सचिव/संयुक्त सचिव डी०एस० राणा, उप निदेशक / प्रभारी सदस्य सचिव मनोज कुमार तिवारी एवं समर्पित आयोग से सुबोध बिजल्वाण उपस्थित रहे।






# पंचायत में मुस्तादी से कार्य करें नवनियुक्त अधिकारी

**संवाद सहयोगी**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के 126 पदों पर चयन के उपरांत गुरुवार को मुख्य सेवक सदन, मुख्यमंत्री आवास में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक समारोह के दौरान उन्हें नियुक्ति सौंपे।

इस अवसर पर उपस्थित प्रदेश के पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, सिंचाई, लोक निर्माण, पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने नव नियुक्त ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंचायतों को सशक्त करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसलिए दायित्व संभालने के बाद आप सभी अपनी-अपनी पंचायतों में अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पूर्ण निष्ठा और लगन से निर्वहन करते हुए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं को धरातल पर अमली जामा पहनाने का कार्य मुस्तैदी से करें।

पंचायतीराज मंत्री महाराज ने कहा कि पंचायतीराज विभाग द्वारा पंचायतों में विभिन्न विकासपरक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पंचायतों में अवस्थापना सुविधाओं के तहत् पंचायत भवनों का निर्माण, अतिरिक्त कक्षों का निर्माण आदि कार्य कराये जा रहे हैं। इसके अलावा विभाग द्वारा परिवार रजिस्टर, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, शौचालय प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनापत्ति प्रमाण पत्र ऑनलाईन निर्गत किये जा रहे हैं, जो प्रदेश के ई-गवर्नेस की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि पंचायतों में कम्प्यूटरीकरण का कार्य भी कराया जा रहा है। आगामी 02 वर्षों में सभी पंचायतों में कम्प्यूटर स्थापित कर दिये जायेंगे। पंचायतों में थीमैटिक ग्राम पंचायत विकास योजना, क्षेत्र पंचायत विकास योजना एवं जिला पंचायत विकास योजना का निर्माण भी किया जा रहा है। इन सभी योजनाओं में संविधान की 11वीं अनुसूची में वर्णित 29 विषयों को कवर किया जा रहा है, ताकि पंचायतों का समावेशी विकास सुनिश्चित हो सके।

महाराज ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नकल विरोधी कानून लागू किया गया है, जिसके फलस्वरूप सभी परीक्षाएं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराई जा रही है। डबल इंजन की सरकार द्वारा प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न योजनाएं चलायी जा रही है। वर्तमान सत्र में सरकार द्वारा भू-कानून पारित किया गया है, जिससे राज्य में भूमि की अवैध खरीद फरोख्त पर रोक लगेगी। राज्य सरकार द्वारा इस माह जनवरी में समान नागरिक संहिता भी लागू कर दी गई है। उत्तराखण्ड यह संहिता लागू करने वाला देश का प्रथम राज्य बन गया है।

## नगर पालिकाध्यक्ष ने किया भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज का स्वागत

**ऋषिकेश।** भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा का गुरुवार को नगर पालिका सभागार में स्वागत किया गया। पालिकाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी ने स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती का आह्वान किया। वहीं, पंकज शर्मा ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ और अनुभवी लोगों के साथ मिलकर मंडल को विस्तार दिया जाएगा। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी बोले, संगठन में मजबूत हाथों पर डोईवाला की जिम्मेदारी सौंपी है, जिसका लाभ पार्टी को हर चुनाव में यहां जीत के रूप में प्राप्त होगा। जिला महामंत्री राजेंद्र तड़ियाल ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबके विश्वास के संकल्प चलने वाली पार्टी है।

# कृषि मंत्री गणेश जोशी करेंगे दस मार्च से शुरु तीन दिवसीय रेशम कृषि मेले का शुभारम्भ

**संवाद सहयोगी**

**देहरादून।** रेशम विभाग द्वारा 10 मार्च से तीन दिवसीय रेशम कृषि मेले का आयोजन देहरादून के सहसपुर में किया जाएगा, जिसका उद्घाटन प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी करेंगे। वीरवार को देहरादून स्थित कैम्प कार्यालय में रेशम विभाग की बैठक के दौरान कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने रेशम कृषि मेले की तैयारियों को अंतिम रुप दिया गया। इस रेशम कृषि मेले में शहतूती एवं ओक तसर रेशम उत्पादन में कार्यरत उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों के लगभग 400 रेशम कृषक प्रतिभाग करेंगे। मेले मे रेशम उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेशम कृषको को कृषि मंत्री द्वारा सम्मानित भी किया जायेगा। रेशम मेले में एक रेशम तकनीकी प्रदर्शिनी भी आयोजित की जायेगी, जिसमे उत्पादन की तकनीकियो का सजीव प्रदर्शन किया जायेगा। मेले में रेशम विशेषज्ञों द्वारा कृषको को रेशम उत्पादन से सम्बंधित तकनीकी जानकारी भी प्रदान की जायेगी। मेले में स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित रेशम क्षेत्र से जुडे हुये विभिन्न हितधारक जैसे उत्तराखण्ड रेशम विभाग, केंद्रीय रेशम बोर्ड सहित केंद्रीय रेशम बोर्ड के अनुसंधान संस्थानों के निदेशक सहित बडी संख्या में रेशम किसान प्रतिभाग करेंगे।

वहीं गणेश जोशी, कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री, उत्तराखण्ड का कहना है कि रेशम किसानों के हितों के संरक्षण पर सरकार का विशेष ध्यान है। हमारे किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिले, किसानों के आर्थिक स्तर में सुधार हो, इसके लिए केन्द्र एवं राज्य स्तर पर अनेकों योजनाऐं संचालित की जा रही हैं। मैं रेशम कृषि मेले में अपने सभी रेशम किसानों को आमंत्रित करता हूँ।



# यूसीसी के विरोध में जन संगठनों ने लिखा खुला खत

**संवाद सहयोगी**

**देहरादून।** जन संगठन और विपक्षी दलों ने यूसीसी के विरोध में उत्तराखंड की जनता के नाम पर खुला खत जारी किया है। यूसीसी के नाम पर लाए गए कानून को महिला विरोधी, जन विरोधी एवं असंवैधानिक ठहराया है। खुला खत के माध्यम से समाजवादी लोक मंच, उत्तराखंड महिला मंच, उत्तराखंड लोक वाहिनी, चेतना आंदोलन, महिला किसान अधिकार मंच, इत्यादि के साथ सीपीआई, सीपीएम, समाजवादी पार्टी, सीपीआई(मा-ले) और उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने कहा कि यह कानून समान नहीं है और संविधान के खिलाफ है। कानून दमनकारी है और इससे भ्रष्टाचार बढ़ेगा। कहा कि इस कानून में कई बेजरूरत प्रावधान है, क्योंकि लिव इन रिलेशनशिप या शादी में रहने वाली महिलाओं की सुरक्षा के लिए पहले से ही प्रावधान है, जिसका अमल पर सरकार कोई कदम नहीं उठा रहा है। यह कानून अस्पष्ट और भेदभावपूर्ण भी है, जो स्त्रियों की निजता, उत्तराधिकार एवं जीवनसाथी चुनने के अधिकार इत्यादि को नियंत्रित करने का प्रयास है। जो सरकार महिलाओं की सुरक्षा के नाम पर ऐसे कानून ला रही है, वहीं सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाई गयी व्यवस्थाएं जैसे वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन को बेहद कमजोर कर दी है।

# उत्तराखंड में एक मार्च को स्वाभिमान मशाल जुलूस निकालेंगे

**संवाद सहयोगी**

**देहरादून।** मूल निवास भू कानून संघर्ष समिति ने एक मार्च को शाम छह बजे प्रदेश भर में स्वाभिमान मशाल जुलूस निकालने का ऐलान किया है। समिति के संयोजक मोहित डिमारी ने कहा कि यह जुलूस पहाड़ की अस्मिता पर चोट करने वालों के खिलाफ निकाला जाएगा। समिति ने इसके लिए सभी सामाजिक संगठनों और आम जनता से अपने-अपने इलाकों में मशाल जुलूस निकालने का आह्वान किया है। मशाल जुलूस को लेकर संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की ऑनलाइन बैठक भी हुई। इसमें मोहित डिमरी ने कहा कि मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने पूरे पर्वतीय समाज के लिए अपशब्द बोले हैं। जबकि विधानसभा अध्यक्ष और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भी लोगों की भावनाएं आहत कर रहे हैं। इसे पर्वतीय समाज बर्दाश्त नहीं करेगा और इसका प्रतिकार किया जाएगा। मूल निवास भू कानून संघर्ष समिति के सह-संयोजक लूशुन टोडरिया, उत्तराखंड बेरोजगार संघ के उपाध्यक्ष राम कंडवाल ने कहा राज्य के मूल निवासियों को संगठित करने का समय आ गया है। इसलिए सभी को एकजुट होकर मशाल जुलूस के माध्यम से अपनी ताकत दिखानी होगी। समिति के प्रवक्ता हिमांशु रावत, पहाड़ी स्वाभिमान सेना के पंकज उनियाल, प्रमोद काला हम सभी एकजुट होकर अपने अधिकारियों को लेकर आंदोलन करेंगे। बैठक में राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी के शिव प्रसाद सेमवाल, पूर्व सैनिक सुदेश भट्ट, देवभूमि युवा संगठन के आशीष नौटियाल, संजय सिलसवाल ने भी विचार रखे और कहा कि पूरे प्रदेश में अपशब्द बोलने वाले नेताओं का बहिष्कार किया जाएगा। बैठक में राकेश नेगी, गढ़ कुमाऊं संगठन के कनिष्क जोशी, उत्तराखंड होटीलियर संगठन के कंवर बिष्ट, भू भूम्याल जागृति मंच से मोनू नौडियाल, अमित पंत, विकास रयाल, विपिन नेगी, पूर्व सैनिक संगठन, उत्तराखंड छात्र संघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

वन अधिनियम 1980 के मानकों में छूट दिए जाने की मांग- भाजपा के देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात कर वन अधिनियम 1980 के मानकों में छूट दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि वन अधिनियम की वजह से राज्य के सीमांत क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण अटक गया है। गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वन पर्यावरण मंत्री से मुलाकात के दौरान विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि वन अधिनियम 1980 की वजह से राज्य में कई स्थानों पर सड़कों का निर्माण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र देवप्रयाग की तीन सड़कों का जिक्र करते हुए कहा कि इस वजह से एक बड़ी आबादी को सड़क की सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। उन्होंने चंद्रबदनी कांडीखाल, चुन्नीखाल- नौड़ा- तेगड़ मार्ग और चौंरीखाल- सिरवाड़ी- कांडा मार्ग का जिक्र करते हुए कहा कि इस वजह से लंबे समय से इन सड़कों को स्वीकृति नहीं मिल पा रही है जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि वन अधिनियम के मानकों में छूट प्रदान कर राज्य के सीमांत क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कराया जाना चाहिए।

राज्य में वन अधिनियम की वजह से बड़ी संख्या में सड़क व अन्य विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। हाल ही में विधानसभा के बजट सत्र के दौरान नियम 54 के तहत इस विषय पर चर्चा भी हुई। जिसमें सत्ता पक्ष के विधायकों के साथ ही विपक्ष ने भी इस अधिनियम के मानकों में छूट दिए जाने की जरूरत बताई। भाजपा विधायक दलीप रावत ने भी वन अधिनियम की वजह से राज्य में प्रभावित हो रहे विकास कार्यों का विषय उठाया था।